दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 129 | जयपुर, शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024 | चैत्र, शुक्ल पक्ष- एकादशी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



### 'सच बेधड़क' से सीएम शर्मा ने जनता से जुड़े हर मुद्दे पर की खुलकर बात

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बोले- कांग्रेस डूबता हुआ जहाज

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा के चुनावी माहौल के बीच सच बेधड़क ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से हर उस मुद्दे पर बात की है जो जनता से जुड़े हैं। सच बेधड़क की एंकर सोनल मुद्गल और संवाददाता लाल सिंह फौजदार द्वारा लिए गए इंटरव्यू के कुछ खास अंश

**Q** ***महिला सुरक्षा को लेकर आपकी सरकार की क्या रणनीति है?***

**A** हमने सीधा-सीधा निर्देशित किया है कि महिला अत्याचार राजस्थान में सहन नहीं किया जाएगा। क्योंकि यह शक्ति और भक्ति की धरती है। राजस्थान ने हमेशा महिलाओं का सम्मान किया है। राजस्थान की वीर माताओं ने दुनिया में नाम किया है। महिलाओं की सुरक्षा और उनका सम्मान हमारी जिम्मेदारी है।

**Q** ***क्या इस चुनाव में आपको रामलला का आशीर्वाद मिलेगा? क्योंकि पीएम अपने भाषणों में नई युग के आरंभ की बात करते हैं।?***

**A** रामलला का आशीर्वाद तो हमेशा रहता है। रामलला हमारे रोम रोम में है। राम लला हमारे आराध्य हैं, लेकिन मैं उन लोगों से कहना चाहता हूं जिन्होंने रामलला को काल्पनिक बताया था। जब हम कहते थे रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। जब कांग्रेस कहती थी, तारीख नहीं बताएंगे, लेकिन हमने तारीख भी बताई 22 जनवरी और रामलला का भव्य प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ। हमने निमंत्रण भेजा, लेकिन उन्होंने निमंत्रण स्वीकार नहीं किया गया। जो राम के नहीं हुए राम ने भी उन्हें छोड़ दिया।

**Q** ***क्या किसान वर्ग बीजेपी से परेशान है?***

**A** देश में किसानों और गरीबी हटाने को लेकर कई नारे दिए गए, लेकिन उनका गरीबी और किसानों से कोई संपर्क नहीं रहा है। 2014 से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब और किसान को लेकर योजनाएं आई और धरातल पर उन्हें को लेकर काम हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को सम्मान निधि, किसान क्रेडिट और किसानों के लिए गांव में सड़कें निकालने का काम हमारी सरकार ने किया। हमारी सरकार ने किसानों के लिए 125 रुपए एमएसपी बढ़ाने का काम किया। पेट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोतरी से किसानों को दिक्कत थी। पेट्रोल डीजल दाम हमारी सरकार ने कम किए। किसान इस बात को मानते हैं कि हमारी सरकार ने उनके लिए काम किया है।

**Q** ***जो नेता भाजपा छोड़ कर गए हैं उसी सीट पर कांटे की टक्कर नजर आ रही है?***

**A** भारतीय जनता पार्टी वो दल है जो हर व्यक्ति का ध्यान रखता है। हम इसलिए हैं कि हम लोगों की संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए काम करते हैं। कांग्रेस डूबता हुआ जहाज है उसमें कोई नहीं बैठना चाहता है।

**Q** ***क्या रोड मैप है जो आप 370 पार का दावा कर रहे हैं?***

**A** जब हम नारा लगाते थे, जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है तो कांग्रेस वाले कहते थे धारा 370 हटाओगे तो खून की नदियां बह जाएगी, लेकिन वहां खून की एक बूंद भी नहीं गिरी है। हमारी सरकार ने वादा किया था कि जब हमारी सरकार बनेगी तो 370 हटाएंगे। राम मंदिर बनाएंगे। हमने वादा पूरा किया। कांग्रेस को लोग जिस तरह से बात करते हैं ऐसी कोई दूसरा देश भी बात नहीं करता है। कांग्रेस के पास झूठ का पुलिंदा है। कांग्रेस झूठ और लूट की दुकान चलाने के अलावा और कुछ नहीं करती है।

(**शेष पेज 2 पर देखें।**)

## जरूरी खबर

### चूरू में पोलिंग पार्टी के कर्मचारी की हार्ट-अटैक से मौत

**जयपुर।** प्रदेश के पहले चरण के मतदान के लिए गुरुवार को जिला मुख्यालयों से मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। गुरुवार दोपहर चूरू के सादुलपुर में पोलिंग पार्टी के एक सदस्य की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पोलिंग पार्टी के रवाना होते समय कर्मचारी तारांचद (52) पुत्र रूपाराम शर्मा चक्कर आने से गिर गए। उपखंड अधिकारी और तहसीलदार ने उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। तारानगर के वार्ड नंबर-8 निवासी ताराचंद वन विभाग के बुचवास क्षेत्र में बेलदार के पद पर तैनात थे। ताराचंद सुबह 8 बजे चुनाव ड्यूटी के लिए निकले थे। राजकीय महाविद्यालय, सादुलपुर में सुरक्षा गार्ड के तौर पर उनकी चुनाव ड्यूटी थी। ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने परिजनों को मौत की सूचना दी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर होगा मतदान

# प्रदेश की बारह सीटों पर आज होगी वोटिंग

**44.71** लाख वोटर्स जयपुर जिले में करेंगे 28 प्रत्याशियों भाग्य का फैसला

**24** हजार बूथ पर पहले चरण में होगी वोटिंग

**2.54** करोड़ मतदाता डालेंगे वोट

**1.25** लाख जवान रहेंगे तैनात

### लोकतंत्र के महाकुंभ का पहला चरण



**बेधड़क | नई दिल्ली/ जयपुर**

लोकतंत्र के महापर्व का पहले चरण में शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की वोटिंग के साथ ही अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें) और सिक्किम (32 सीटें) में विधानसभा चुनाव भी होंगे।

इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सर्बानंद सोनोवाल और भूपेंद्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, द्रमुक की कनिमोई शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान सुबह सात बजे शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। **पेज 7 भी देखें**

### 114 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 2.54 करोड़ मतदाता

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में प्रदेश में 12 लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इससे पूर्व गुरुवार को पोलिंग पार्टियां बूथों के लिए रवाना हुई। पहले चरण में 12 लोकसभा क्षेत्रों में 2.54 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 24,370 मतदान केंद्रों पर पोलिंग होगी। इसमें 5,729 शहरी, 17,922 ग्रामीण सहित 719 सहायक मतदान केंद्र शामिल हैं। साथ ही, मतदान प्रोत्साहन के लिए महिलाओं और युवाओं द्वारा 768-768 तथा 96 मतदान केंद्र दिव्यांग कार्मिकों द्वारा संचालित किए जाएंगे।

#### पहले चरण में इन सीटों पर होगा मतदान

राजस्थान में लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए 12 लोकसभा क्षेत्रों पर मतदान होगा, जिसमें गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं।




फोटो: राजेश कुमावत

#### वोटिंग के लिए इनमें से एक दस्तावेज का होना जरूरी

वोटर आईडी न होने पर 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज से भी मतदाता वोट डाल सकते हैं। इन 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक शामिल है। इसके अलावा राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय की ओर से दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी से भी मतदान किया जा सकता है।

### 12 सीटों पर ये हैं आमने-सामने

***बेधड़क. जयपुर।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में होने वाले चुनाव में 12 लोकसभा सीटों से कुल 114 प्रत्याशी चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं।*



| सीट | भाजपा | विपक्ष |
| --- | --- | --- |
| जयपुर शहर | मंजू शर्मा | कांग्रेस: प्रतापसिंह खाचरियावास |
| जययुर ग्रामीण | राव राजेंद्र सिंह | कांग्रेस: अनिल चोपड़ा |
| सीकर | स्वामी सुमेधानंद सरस्वती | इंडिया गठबंधन: अमराराम |
| झुंझुनूं | शुभकरण चौधरी | कांग्रेस: बृजेंद्र ओला |
| चूरू | देवेंद्र झाझड़िया | कांग्रेस: राहुल कस्वां |
| श्रीगंगानगर | प्रियंका बैलान | कांग्रेस: कुलदीप इंदौरा |
| बीकानेर | अर्जुनराम मेघवाल | कांग्रेस: गोविंदराम मेघवाल |
| अलवर | भूपेंद्र यादव | कांग्रेस: ललित यादव |
| भरतपुर | रामस्वरूप कोली | कांग्रेस: संजना जाटव |
| करौली धौलपुर | इंदु देवी जाटव | कांग्रेस: भजनलाल जाटव |
| दौसा | कन्हैयालाल मीणा | कांग्रेस: मुरारीलाल मीणा |
| नागौर | डॉ. ज्योति मिर्धा | आरएलपी: हनुमान बेनीवाल |

### पहले चरण के मतदान के लिए पुलिस महकमा अलर्ट

# सीमाएं सील, हेलिकॉप्टर-ड्रोन से निगरानी, जवानों ने संभाला मोर्चा

- अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय सीमाओं पर विशेष चौकसी
- राजस्थान और पंजाब पुलिस ने संयुक्त रूप से चलाया 'ऑपरेशन सीमा सील'
- चुनावी जिलों में इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम स्थापित

**बेधड़क | नई दिल्ली/ जयपुर**

लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिन सीटों पर मतदान होगा, उसके आसपास के जिलों की सीमाएं सील रहेंगी। इसके अलावा, ऐसा कोई लोकसभा क्षेत्र, जिसकी सीमा अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर से लगती हैं, वहां भी कई रास्तों को सील किया गया है। संवेदनशील मतदान केंद्रों के आसपास ड्रोन से निगरानी की जाएगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्र और उत्तर पूर्व के इलाकों में स्थित मतदान कर्मियों को बूथ तक पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टर की मदद ली गई है। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने के मकसद से केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के करीब तीन लाख जवानों ने तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया है। चुनावी जिलों में इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।



#### अंतराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय सीमाओं पर विशेष इंतजाम

**श्रीगंगानगर।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण को मतदान शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में हो, इसके लिए पुलिस महकमा पूरी तरह से तैयार है। पुलिस की ओर से अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय सीमाओं पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। श्रीगंगानगर जिले लगती पाकिस्तान सीमा से लगते गांवों में विशेष चौकसी बरती जा रही है। गांवों में बाहर से आए संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान के लिए विशेष गशत के इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही पंजाब सीमा से लगती साधुवाली और पतली चैक पोस्ट पर ए श्रेणी की नाकाबंदी की गई है। पंजाब पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से 'आपरेशन सीमा सील' अभियान चलाया गया है। इसके तहत दोनों राज्यों की पुलिस मिलकर कार्य कर रही है। राजस्थान के पुलिस नाकों पर पंजाब पुलिस के अधिकारी और पंजाब के नाकों पर राजस्थान पुलिस के अधिकारी मिलकर कार्य कर रहे हैं। दोनों राज्यों की पुलिस ने संयुक्त रूप से राजस्थान और पंजाब के आसपास के इलाकों में नाकाबंदी की गई।



#### पुलिस के 75 हजार जवान रहेंगे मुस्तैद

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए करीब 23 हजार पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस के 75 हजार जवानों को मुस्तैद किया गया है, जबकि केंद्रीय सशस्त्र बल के करीब 17,500 जवान भी इस दौरान राजस्थान में तैनात रहेंगे। इसके अलावा होमगार्ड्स के 18,400 जवान और बॉर्डर होमगार्ड्स के 1600 जवानों को भी तैनात किया गया है। कुल 1.25 लाख जवान मुस्तैदी से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए डटे हुए हैं।

#### बस्तर में रहेगा तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा

छत्तीसगढ़ की बस्तर सीट पर मतदान के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। मतदान कर्मियों को हेलिकॉप्टर के जरिए बूथों तक पहुंचाया गया है। नक्सली हमले के खतरे के मद्देनजर, सीआरपीएफ ने कई बूथों पर मोर्चा संभाला है। केंद्रीय बलों की साढ़े तीन सौ कंपनियां तैनात की गई हैं। मतदान केंद्र तक पहुंचने वाले रास्तों पर भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

## जरूरी खबर

### विवेक तिवारी और क्रिकेटर सिंघवी भाजपा में शामिल



**बेधड़क.जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय पर नगर निगम वार्ड नं 42 के प्रत्याशी विवेक तिवारी एवं आईपीएल क्रिकेट खिलाड़ी अरिस्ठ सिंघवीं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जोइनिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुशासन और अंत्योदय की नीतियों से आज समाज का हर वर्ग खुश है। इसलिए आज भाजपा में आने के लिए लोग उत्साहित हैं।

### प्रयागराज-बीकानेर रेल का गोविंदगढ़ में ठहराव

**बेधड़क.जयपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयागराज-बीकानेर एक्सप्रेस रेलसेवाओं का गोविंदगढ़ स्टेशन पर ठहराव होगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाडी संख्या 20403 का गुरुवार को गोविंदगढ़ स्टेशन पर सुबह 8.21 बजे आगमन हुआ और 8.23 बजे प्रस्थान किया। इसी प्रकार बीकानेर-प्रयागराज एक्सप्रेस गोविन्दगढ़ स्टेशन पर शाम 6.11 बजे पहुंची और 6.13 बजे प्रस्थान किया। इसी प्रकार प्रयागराज-बीकानेर एक्सप्रेस शुक्रवार को गोविंदगढ़ स्टेशन पर 8.21 बजे आएगी और 8.23 बजे प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या. 12404, बीकानेर-प्रयागराज एक्सप्रेस गोविन्दगढ़ स्टेशन पर शाम 6.11 बजे आएगी।

### राजस्थान और कॉमर्स कॉलेज में जमा होगी EVM



**बेधड़क.जयपुर।** जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में शुक्रवार को मतदान के बाद जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में ईवीएम एवं वीवीपैट का संग्रहण किया जाएगा। कॉमर्स कॉलेज में जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में सामहित फुलेरा, शाहपुरा, झोटवाड़ा, आमेर, कोटपूतली, विराटनगर, जमवारागढ़, बानसूर विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम सामग्री का संग्रहण किया जाएगा। वहीं, राजस्थान कॉलेज में जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित बगरू, सांगानेर, विद्याधर नगर, किशनपोल, आदर्श नगर, सिविल लाइन्स, मालवीय नगर, हवामहल विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम का संग्रहण किया जाएगा।

## 'कोई भी मतदाता न छूटे' उद्देश्य के साथ सुगम मतदान और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई प्रयास

# मतदाता मोबाइल एप से देख सकेंगे बूथ पर भीड़ की स्थिति

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान निर्वाचन विभाग 'कोई भी मतदाता न छूटे' उद्देश्य के साथ सुगम मतदान और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई प्रयास कर रहा है। इस क्रम में मतदाताओं को बूथ पर लाइन में खड़े लोगों की रियल टाइम जानकारी उपलब्ध कराने के लिए आईटी का प्रयोग किया जा रहा है।

साथ ही, राज्य स्तर पर बेस्ट सेल्फी अवार्ड देने, व्यापारिक संगठनों के सहयोग से मतदाताओं को स्क्रेच कार्ड और स्याही लगी अंगूली दिखाने पर विभिन्न विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं पर छूट सहित कई प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मतदाताओं को बूथ पर लाइन में खड़े लोगों की संख्या के बारे में घर बैठे मोबाइल पर ही मिल सकेगी। इससे मतदाताओं को लाइन में ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मतदाताओं को रियल टाइम जानकारी देने के लिए हर 30 मिनट में इसे अपडेट किया जाएगा।

वहीं, वोटक्यू ट्रैकर एप के माध्यम से मतदाता स्वयं के विधानसभा क्षेत्र एवं भाग संख्या को सेलेक्ट कर अपने बूथ पर वोटर्स की संख्या की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जो कि संबंधित बीएलओ द्वारा प्रत्येक आधे घंटे में अपडेट की जा रही होगी। अभी यह सुविधा 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की 34 विधानसभा क्षेत्रों में उपलब्ध है। इससे इन क्षेत्रों के करीब 90 लाख से अधिक से मतदाताओं को इसका लाभ मिल सकेगा।

### 11 लाख नए वोटर्स को मिलेगा सर्टिफिकेट

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्रों पर सेल्फी पाइंट बनाए गए हैं। प्रथम बार मतदान कर रहे 11 लाख मतदाताओं को मतदान स्थल पर ही बीएलओ द्वारा सर्टिफिकेट दिया जाएगा। साथ ही संयुक्त परिवार, नव विवाहित जोड़े, युवा द्वारा मतदान, सामूहिक मतदान, परंपरागत परिधान में मतदान आदि को लोकतंत्र के महाउत्सव के रूप में रेखांकित करते हुए सीईओ राजस्थान की वेबसाइट पर सेल्फी अपलोड करने पर आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। चयनित सेल्फी को राज्य स्तर पर नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। सुबह 7 से 10 बजे तक हैप्पी आवर्स में मतदान करने वाले मतदाताओं से पौधारोपण करवाकर सम्मानित किया जाएगा।

### स्याही लगी अंगूली दिखाने पर डिस्काउंट

शहरी उदासीनता को दूर करने के लिए व्यापारी संगठनों द्वारा भी सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए 'स्याही लगी अंगुली' दिखाने पर विभिन्न प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं पर डिस्काउंट दिया जाएगा। इसमें मुफ्त अथवा रियायती दर पर चाय, कचौड़ी, सिनेमा टिकट, डिनर, पार्किंग, स्क्रैच कार्ड इत्यादि की सुविधा मिलेगी।

### इन विस क्षेत्रों में मिलेगी सुविधा

| | |
|---|---|
| जयपुर शहर | हवामहल, विद्याधर नगर, सिविल लाइंस, किशनपोल, आदर्श नगर, मालवीय नगर, सांगानेर, बगरू |
| जयपुर ग्रामीण | झोटवाड़ा |
| झुंझनू: | पिलानी, सूरजगढ़, झुंझनू, मंडावा, नवलगढ़, उदयपुरवाटी, खेतड़ी, |
| अजमेर: | अजमेर उत्तर, अजमेर दक्षिण, किशनगढ़ |
| बीकानेर: | खाजूवाला, बीकानेर पूर्व, बीकानेर पश्चिम, कोलायत, लूणकरणसर, श्री डूंगरगढ़, नोखा |
| कोटा: | कोटा उत्तर, कोटा दक्षिण, लाडपुरा |
| जोधपुर: | सरदारपुरा, जोधपुर, सूरसागर |
| उदयपुर: | उदयपुर, उदयपुर ग्रामीण |

## जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण में बूथ मतदाताओं के स्वागत को तैयार

# प्रशिक्षण के बाद मतदान दल हुए रवाना, व्यवस्थाएं चाक-चौबंद

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव के तहत जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को मतदान होगा। जयपुर, जयपुर ग्रामीण के साथ-साथ दौसा लोकसभा क्षेत्र में समाहित चाकसू एवं बस्सी, सीकर लोकसभा क्षेत्र में समाहित चौमूं विधानसभा क्षेत्र में भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

इस प्रकार जयपुर जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को 49 लाख 41 हजार 526 से ज्यादा मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाएंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव के तहत जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 19 अप्रैल को 21 लाख 84 हजार 978 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

जिनमें 11 लाख 45 हजार 437 पुरुष एवं 10 लाख 39 हजार 533 महिला मतदाताओं के साथ-साथ 8 थर्ड जेंडर मतदाता भी शामिल हैं। जिसके बाद जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आगामी 19 अप्रैल को 22 लाख 87 हजार 350 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 11 लाख 90 हजार 851 पुरुष एवं 10 लाख 96 हजार 417 महिला मतदाताओं के साथ-साथ 82 थर्ड जेंडर मतदाता भी शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने जिले के सभी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी मतदाता 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।



### पहले 50 मतदाताओं को मिलेंगे पुरस्कार

लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान लक्ष्य हासिल करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय जयपुर द्वारा नित नए नवाचार किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करे के लिए नगर निगम हैरिटेज एवं नगर निगम जयपुर ग्रेटर में स्थित सभी विधानसभा क्षेत्रों के समस्त 2 हजार 166 बूथों पर मतदान दिवस पर पहले मतदान करने वाले 50 मतदाताओं को स्क्रेच कार्ड दिया जाएगा। कार्ड को स्क्रैच करने पर कार्ड पर अंकित पुरस्कार प्रदान कर मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस तरह निगम क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर पहले मतदान करने वाले 1 लाख 8 हजार 300 मतदाताओं को स्क्रैच करने पर कार्ड पर अंकित पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### 12 वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे मतदान

जो मतदाता निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक-डाकघर द्वारा जारी पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों-विधायकों या एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

## जनप्रतिनिधि भी बूथों पर करेंगे मतदान

# सीएम जगतपुरा में तो डिप्टी सीएम दिया जनानी ढ्योढ़ी में करेंगी मतदान

**बेधड़क | जयपुर**



लोकसभा आमचुनाव के तहत शुक्रवार को प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों पर मतदान किया जाएगा। लोकतंत्र के इस महापर्व में आमजन के साथ जनप्रतिनिधि भी अपने मत का उपयोग राष्ट्र के निर्माण में करने को तैयार है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सुबह 7.30 बजे गेटोर रोड जगतपुरा स्थित नवोदय महिला शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय में मतदान करेंगे।

वहीं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी शहर स्थित जनानी ढ्योढ़ी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सुबह 9 बजे मतदान करेंगी। मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड टेगोर पब्लिक स्कूल में सुबह 8 बजे बूथ नंबर 264 में, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा अजमेर रोड़ डीसीएम स्थित लिटिल विंग्स स्कूल में बूथ नंबर 326 पर सुबह 7 बजे तथा कालीचरण सराफ आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में बूथ नंबर 124 में सुबह 8 बजे मतदान करेंगे। शहर के हवामहल विधायक बाल मुकुंदाचार्य सुबह 7 बजे हाथोज बालाजी मंदिर के नजदीक स्थित राजकीय संस्कृत स्कूल में बूथ संख्या 130 में मतदान करेंगे। वहीं जयपुर सांसद रामचरण बोहरा सुबह 9 बजे राजकीय बालिका विद्यालय दुर्गापुरा में बूथ नंबर 123 पर मतदान करेंगे। अलवर सांसद महंत बाबा बालकनाथ अलवर शहर स्थित ब्रिकी कर कार्यालय मतदान केंद्र पर मतदान करेंगे। राज्य सभा सांसद घनश्याम तिवाडी सुबह 10 बजे श्याम नगर स्थित मॉयआन स्कूल में मतदान करेंगे। जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा सुबह 9 बजे गणगौरी बाजार चौगान स्टेडियम स्थित आदर्श बालिका विद्यालय में मतदान करेंगी। वहीं दौसा से भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीना बस्सी स्थित कल्याणगंज बूथ संख्या 42 में तथा जयपुर ग्रामीण भाजपा प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह शाहपुरा महिला महाविद्यालय में बूथ संख्या 179 में सुबह 10 बजे मतदान करेंगे। सीकर से भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती सुबह 7:30 बजे बूथ नंबर 219 पिपराली स्थित वालाना जोहड़ा की सरकारी स्कूल में मतदान करेंगे। नागौर से भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा नागौर की रतन बहन स्कूल में सुबह 7.30 बजे मतदान करेंगी।

## संपर्क सभा कर समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश

# महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने किया सीडीटीआई का निरीक्षण

**बेधड़क | जयपुर**



केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के नव नियुक्त महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने गुरुवार को केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर का दौरा किया।

उन्होंने सीडीटीआई, जयपुर में व्याख्यान लिए आने वाली प्रमुख गेस्ट फैकल्टी को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। केंद्रीय गुप्त प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि संस्थान में आगमन पर सर्वप्रथम महानिदेशक को डबल गार्ड द्वारा सलामी दी गई। इसके बाद उन्होंने सीडीटीआई जयपुर कैंपस का भ्रमण किया। अंत में महानिदेशक द्वारा सीडीटीआई जयपुर के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ एक संपर्क सभा आयोजित की गई, जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को एकजुट होकर कार्य करने का सुझाव देते हुए उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा तथा उनके निराकरण के निर्देश दिए गए।

# आज 14 जिलों में तेज बारिश की संभावना

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में लोकसभा चुनावों की सरगर्मियों के बीच मौसम लगातार आंख-मिचोली खेल रहा है। मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार प्रदेश में एक्टिव हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण शुक्रवार को 14 जिलों में बारिश हो सकती है।

इनमें श्रीगंगानगर, जयपुर, झुंझुनू, बाड़मेर, नागौर, जोधपुर, जैसलमेर, सीकर, धौलपुर, दौसा, हनुमानगढ़, बीकानेर समेत चूरू जिला शामिल है। दूसरी ओर, पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान के ज्यादातर जिलों में तापमान सामान्य से नीचे पहुंच गया है। प्रदेश में गुरुवार को राजस्थान के 7 जिलों में बारिश हुई, जिसके चलते अब मौसम विभाग ने हनुमानगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, श्रीगंगानगर, बाड़मेर और बीकानेर समेत चूरू में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग की मानें तो आने वाले तीन-चार दिनों तक मौसम बेहद खराब रहने वाला है।

इस दौरान तेज आंधी तूफान के साथ झोंकेदार हवाएं लोगों को परेशान करेंगी और साथ ही साथ झमाझम बारिश के चलते लोग परेशान हो सकते हैं।

### कांग्रेस डूबता... पेज एक से जारी

**Q** ***महिला सुरक्षा और पेपर लीक को लेकर आपकी सरकार ने क्या काम किया है, जो आप बताना चाहते हैं?***

**A** हमने हमारे संकल्प पत्र के 40 से 45% वादों को पूरा किया है। राजस्थान में जिस तरह से 19 में से 17 पेपर लीक हुए, जिन्होंने युवाओं के साथ कुठाराघात किया है। हम उन्हें किसी भी कीमत पर नहीं नहीं छोड़ेंगे। अभी तक 85 से 90 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। आगे भी हम कहना चाहते हैं कि कितना भी बड़ा व्यक्ति होगा हम छोड़ने वाले नहीं हैं। क्योंकि युवा जिस तरह से खून के आंसू रोए है। किसान पुत्र कैसे कम पैसे में पढ़ाई करता है। महिला सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। पहले गैंगस्टर आते थे, इसके लिए हमने एंटी गैंगस्टर ट्रांसपोर्ट का गठन किया अब राजस्थान में गैंगस्टर आएगा तो सही, लेकिन जा नहीं पाएगा। राजस्थान शक्ति और भक्ति की धरती है। इसे अशांत नहीं होने दिया जाएगा।

**Q** ***मोदी लहर को लेकर विपक्ष सवाल उठा रहा है कि अब मोदी लहर नहीं है। क्या कहना चाहते हैं?***

**A** देश और प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास करती है। मोदी जी की जनसभाओं में जनसैलाब उमड़ता है। मोदी जी की बात का लोग प्रचार करते हैं, जिस दिन नतीजा जाएंगे उस दिन राजस्थान में 25 की 25 सीट भारतीय जनता पार्टी के खाते में जाएगी और देश के अंदर 400 पार सीट जाएंगी।

## रूपाला के सवाल पर बोलीं दिया कुमारी

# दस साल के विकास को देखकर लोग PM मोदी और भाजपा के पक्ष में

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा महिला मोर्चा के सम्मेलन में अजमेर पहुंची उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा से कोई नाराज नहीं है। पिछले 10 साल में देश में हुए विकास को देखकर लोग मोदी और भाजपा के पक्ष में हैं।

रूपाला प्रकरण को लेकर राजपूत समाज में भाजपा के प्रति नाराजगी के सवाल पर दीया कुमारी ने कहा कि कांग्रेस के पास बोलने के लिए कुछ नहीं है, इसलिए वह कुछ तो बोलेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी से कोई नाराज नहीं है। विगत 10 वर्षों में देश का विकास तीव्र गति से हुआ है। इतना विकास इससे पहले कभी नहीं हुआ। देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ते हुए देख कर लोग मोदी और भाजपा को वोट करेंगे। सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए दीया कुमारी ने कहा कि मोदी की हर योजना महिलाओं को केंद्र में रखकर ही बनाई गई है, ताकि देश की आधी आबादी सशक्त बन सके। दीया कुमारी ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी घटी है। पहले युवा नौकरी मांगा करते थे, लेकिन अब युवा जॉब गिवर ( नोकरी देने वाले ) बन रहे हैं। देश में आज एक लाख स्टार्टअप्स बढ़े हैं। युवाओं में जॉब गिवर की मानसिकता मोदी ने बनाई है। देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ा है। इससे भी जॉब बढ़ी है। देश का युवा सब जानता है, वो देश को आगे बढ़ना चाहता है, ना कि देश को पीछे धकेलना चाहता है। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत पांचवीं बड़ी आर्थिक शक्ति है और तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। इससे रोजगार भी बढ़ेंगे और देश की आर्थिक व्यवस्था भी सुधरेगी। मोदी के नेतृत्व में हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं।




### हर योजना का केंद्र महिलाएं

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं में चुनाव को लेकर काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि मोदी की हर योजना का केंद्र बिंदु महिलाएं हैं। महिलाएं इसको समझती भी हैं। यही वजह है कि अजमेर में महिला सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाएं जुटी हैं। राजस्थान की हर महिला मोदी के लिए वोट तो करेंगी, साथ ही दूसरी महिलाओं से अपील करके मोदी के लिए वोट डलवाएंगी। सम्मेलन में अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारती श्रीवास्तव समेत कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### कांग्रेस के पास बोलने को कुछ नहीं

बीजेपी के पास भ्रष्टाचार को धोने की वाशिंग मशीन होने के कांग्रेस के तंज पर पलटवार करते हुए दीया कुमारी ने कहा कि इसका मतलब है कि कांग्रेसी मान रहे हैं कि भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस के लोग भ्रष्ट हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग पार्टी में आ रहे हैं उनका स्वागत है। ऐसा नहीं है कि पार्टी भ्रष्ट लोगों को ले रही है। भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेस नेताओं का बैकग्राउंड देखकर ही उन्हें पार्टी में शामिल किया गया है। यदि किसी पर आरोप साबित हो रहा है, तो उसे पार्टी में नहीं लिया जा रहा है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर लोग जुड़ रहे हैं। वसुंधरा राजे के प्रदेश में भाजपा के प्रचार में शामिल नहीं होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वसुंधरा राजे झालावाड़ में थी, वहां चुनाव के बाद वह पार्टी का चुनाव प्रचार करेंगी।

जरूरी खबर

## ATM में प्लेटनुमा इंस्ट्रूमेंट लगाकर रुपए चुराए



**जयपुर।** डाक विभाग के एटीएम में प्लेटनुमा इंस्ट्रूमेंट लगाकर रुपए चुराने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जालूपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। हेड कॉन्स्टेबल मुरारी लाल ने बताया कि एमआई रोड पर जयपुर जीपीओ के परिसर में डाक विभाग का एटीएम लगा हुआ है। 26 मार्च को एटीएम कैश लोडिंग टीम ने ऑफिस को सूचना दी कि एटीएम से छेड़छाड़ कर कैश चोरी किया गया है। जांच करने पर पता चला कि एटीएम में प्लेटनुमा इंस्ट्रूमेंट लगाकर 500 के 14 नोट निकालकर चोरी किए गए हैं। पहले भी 29 दिसंबर 23 को 8 हजार, 5 फरवरी 24 को 9 और 28 फरवरी 2024 को 15 हजार रुपए एटीएम से छेड़छाड़ कर निकाले गए हैं। डाकपाल राकेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

## इंस्टाग्राम फ्रेंड बने युवक ने किया युवती से रेप

**जयपुर।** इंस्टाग्राम दोस्त के एक युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी ने शादी करने का वादा किया। शादी करने का झांसा देकर देहशोषण करता रहा। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी गाली-गलौच कर उसे छोड़कर भाग गया। मालपुरा गेट थाने में पीड़िता ने आरोपी इंस्टाग्राम फ्रेंड के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसीपी (सांगानेर) विनोद कुमार कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि सांगानेर निवासी 24 साल की युवती ने बताया कि इंस्टाग्राम पर उसकी विकास यादव से दोस्ती हो गई। विकास ने मिलने के बहाने बुलाकर रेप किया। विरोध करने पर आरोपी ने शादी करने का वादा कियाशादी करने का दबाव बनाने पर आरोपी ने दूरी बना ली। गाली-गलौच कर छोड़कर भाग गया। धोखे का एहसास होने पर पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### वर्ल्ड हेरिटेज डे: जयपुर हेरिटेज वॉक का आयोजन, गाइड, टूर ऑपरेटर और हॉटेलियर्स हुए शामिल

# संस्कृति की झलक देखने निकले, गंदगी देख हुए निराश

बेधड़क | जयपुर

वर्ल्ड हेरिटेज डे के मौके पर जयपुर हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। फ्रेंड्स ऑफ राजस्थान टरिज्म (फोर्ट) और जाजम फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस वॉक में गाइड, टूर ऑपरेटर और हॉटेलियर्स शामिल हुए।

वॉक में शहर की संस्कृति की झलक देखने निकले लोग हेरिटेज गलियों में गंदगी देखकर बहुत निराश हुए। इस दौरान उन्होंने सरकार से अपील की कि वे सफाई को लेकर कदम उठाएं, ताकि पर्यटक गलाबी नगरी की अच्छी छवि अपने मन में लेकर जाएं। फोर्ट के फाउंडर संजय कौशिक और जाजम फाउंडेशन के सीईओ विनोद जोशी ने बताया कि वॉक की शुरुआत न्यू गेट चौड़ा रास्ता से हुई। वॉक के तहत जयपुराइट्स ने फिल्म कॉलोनी, ठठेरेवालों गली, जैन मंदिर, हेरिटेज रेस्टॉरेशन की बिल्डिंग को नजदीक से देखा। इसके बाद क्राफ्ट म्यूजियम देखने के बाद यह वॉक किशनपोल बाजार में पुराने स्कूल ऑफ आर्ट पर समाप्त हुई। इस वॉक में विनोद जोशी ने आजादी से पहले लेकर आज तक इन गलियों में चली आ रही परम्पराओं की जानकारी दी। इसके साथ यहां बनाए गए वॉक वे और यहां हुए हेरिटेज बिल्डिंग के रेस्टॉरेशन की जानकारी दी।



### सुबह जल्दी हो गलियों की सफाई

इस वॉक के दौरान लोगों ने शहर की स्पेशल हींग की कचोरी खाई। 1950 की भारत बेकरी के बिस्कट्स और नान खटाई और चाय का लुत्फ उठाया। इस वॉक में जयपुर के 25 लोग शामिल हुए। इसमें गाइड, टूर ऑपरेटर, हॉटेलियर और शहर के प्रबुद्धजन शामिल थे। टूर एक्सपर्ट संजय कौशिक ने बताया कि इतनी सुंदर इमारतों के बीच गलियों में बहुत गंदगी बहुत थी, जिसे देखकर काफी निराशा हुई। लगा कि यहां जब विदेशी पर्यटक आते हैं, तो वे शहर की क्या इमेज लेकर जाते होंगे। सरकार को इस दिशा पर काम होना चाहिए। सुबह जल्दी सफाई होनी चाहिए। पूरी गलियों में हमेशा सफाई होना जरूरी है।

### ये लोग हुए वॉक में शामिल

इस वॉक में अमित शर्मा, नवीन त्रिपाठी, नीतिन माथुर, अमन सोनी, संदीप सिंघल, अविजीत चतुर्वेदी, रीना चतुर्वेदी, अश्विनी पारीक, रक्षत हुजा, पुष्पेन्द्र भार्गव, तृप्ति मिश्रा, नवीन माथुर, ललित शर्मा और जयवीर सिंह मौजूद रहे।

### मतदान के प्रति रुझान बढ़ाने को निर्वाचन विभाग की अनूठी पहल...

# पहले वोट देने पर मिलेगा गिफ्ट 'सेल्फी' वायरल हुई तो इनाम

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुक्रवार को होगा। राजधानी में मतदाओं का मतदान के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग ने अनूठा कदम उठाया है। इसके लिए जयपुर शहर (नगर निगम एरिया) के सभी बूथों पर पहले 50 वोटर्स को निर्वाचन विभाग स्क्रैच कूपन देगा, जिसमें कोई न कोई इनाम होगा। स्क्रैच कार्ड इनाम की यह स्कीम शहर के 10 इलाकों में ही लागू होगी। इसके साथ ही वोट देने के बाद खींची गई सेल्फी वायरल हुई तो तीन स्थानों पर आने वाली प्रविष्टियों को नकद इनाम दिए जाएंगे।

### सुबह 7 से 11 बजे तक पार्किंग फ्री

नगर निगम हेरिटेज ने 19 अप्रैल के दिन पार्किंग शुल्क फ्री रखने का फैसला किया है। नगर निगम हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि हेरिटेज निगम क्षेत्र में चांदपोल अनाज मंडी पार्किंग, जौहरी बाजार पार्किंग, चौड़ा रास्ता, किशनपोल बाजार, आतिश मार्केट, जल महल की पाल, माल 21 के सामने पार्किंग स्थल, अहिंसा सर्किल से गवर्नमेंट प्रेस चौराहा पार्किंग और एयरटेल मालवीय मार्ग पार्किंग स्थलों पर पहले आने वाले 10 चौपहिया और 20 दुपहिया वाहनों के लिए 7 से 11 बजे तक निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था दी जाएगी।

### इन इलाकों के वोटर्स जीत सकते हैं गिफ्ट

जयपुर में सभी 2 हजार 166 बूथों पर मतदान दिवस पर पहले मतदान करने वाले 50 मतदाताओं को स्क्रैच कार्ड दिया जाएगा। कार्ड को स्क्रैच करने पर कार्ड पर अंकित इनाम देकर मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। ये स्क्रैच कार्ड जयपुर नगर निगम शहरी सीमा के बूथों पर दिया जाएगा। इसमें आमेर विधानसभा क्षेत्र में 34, हवामहल क्षेत्र में 240, विद्याधर नगर क्षेत्र में 326, सिविल लाइन्स क्षेत्र में 221, किशनपोल क्षेत्र में 170, आदर्श नगर क्षेत्र में 220, मालवीय नगर क्षेत्र में 187, सांगानेर क्षेत्र में 341, बगरू क्षेत्र में 201 और झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के 226 मतदान केन्द्रों पर स्क्रैच कार्ड जारी किए जाएंगे।

### ठाकुर जी का भी भक्तों से आह्वान... करें शत-प्रतिशत मतदान




लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव की पूर्व संध्या पर आराध्य देव गोविंद देव जी मंदिर गलता पीठ सरस निकुंज सहित अन्य मंदिरों की ओर से श्रद्धालुओं को शुक्रवार को शत प्रतिशत मतदान का आह्वान किया गया। गोविंद देव जी मंदिर के गर्भ गृह के द्वार पर मतदान करने का बड़ा होर्डिंग लगाया गया। झांकी के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रशासन की अपील की सराहना की। गोविंद देव जी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने कहा कि लोकतंत्र में सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। गलता पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज, महामंडलेश्वर मनोहर दास महाराज सहित अनेक संतों महंतों ने मंदिर की ओर से तथा सोशल मीडिया के माध्यम से राजस्थान में शुक्रवार को हो रहे प्रथम चरण के मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार की ओर से भी श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि सभी कार्य छोड़कर पहले मतदान अवश्य करें।

### सबसे ज्यादा लाइक वाली सेल्फी को 10 हजार का पुरस्कार

लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने और युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सेल्फी कॉन्टेस्ट के रूप में एक अनूठा नवाचार किया है। जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने बताया कि यूथ को बूथ तक लाने के लिए मतदान दिवस 19 अप्रैल को सेल्फी कॉन्टेस्ट आयोजित किया जाएगा। कॉन्टेस्ट में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को मतदान केन्द्र पर वोट डालने के बाद सेल्फी पॉइन्ट पर जाकर सेल्फी लेनी होगी। इसके बाद सेल्फी को लोकसभा क्षेत्र जयपुर अथवा जयपुर ग्रामीण के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी के फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम सोशल मीडिया हैंडल (@deojaipur) पर टैग करना होगा। उन्होंने बताया कि सेल्फी कॉन्टेस्ट में सर्वाधिक लाइक प्राप्त करने वाली सेल्फी को सम्मानित किया जाएगा। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 10 हजार, द्वितीय 5 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 3 हजार दिया जाएगा।

### बिजनेसमैन ने दर्ज कराई रिपोर्ट

# परिवार को मारने की धमकी दे 50 लाख की रंगदारी मांगी




बेधड़क | जयपुर

बिजनेसमैन से 50 लाख रुपए मांगने का मामला सामने आया है। वॉट्सऐप कॉल कर जान से मारने की धमकी दी। बदमाश बोला- तेरी सिक्योरिटी की तैयारी कर ले, मेरे पास काफी शूटर हैं। धमकी मिलने के बाद पीड़ित बिजनेसमैन ने मानसरोवर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

मामले की जांच एसएचओ (मानसरोवर) राजेन्द्र गोदारा कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि महेश नगर निवासी 38 साल बिजनेसमैन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। 14 मार्च की शाम वह मानसरोवर स्थित अपने ऑफिस पर बैठे थे। शाम करीब 5:15 बजे उनके मोबाइल पर इंटरनेशनल नंबर से वॉट्सऐप कॉल आया। पहली बार तो कॉल उठाकर बात करने से मना कर दिया। कुछ ही देर बाद उसी मोबाइल नंबर से मैसेज भेजकर बिजनेसमैन और उसके परिवार के बारे में बताया। वॉट्सऐप कॉल कर बदमाश ने खुद को विदेश में बैठा होना बताया। उसे और परिवार को मारने की धमकी देकर 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। धमकाया- 50 लाख रुपए देगा या अपनी जान देगा। तू अब तेरी सिक्योरिटी की तैयारी कर ले। मेरे पास काफी शूटर हैं। धमकी भरे वॉट्सऐप कॉल-मैसेज मिलने के बाद बिजनेसमैन ने मानसरोवर थाने में FIR दर्ज करवाई। पुलिस रंगदारी के धमकी भरे कॉल-मैसेज करने वाले बदमाश की तलाश में जुट गई है। SHO (मानसरोवर) राजेन्द्र गोदारा का कहना है- पीड़ित की शिकायत पर FIR दर्ज कर ली गई है। मोबाइल नंबर के आधार पर धमकी देने वाले की तलाश की जा रही है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


### एसओजी ने सरकारी टीचर को किया गिरफ्तार

# डमी कैंडिडेट बनकर देता था परीक्षा

बेधड़क | जयपुर

एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में तीन पूर्व सैनिकों ने अपने स्थान पर परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाकर एसआई की परीक्षा पास कर ली। एसओजी ने गुरूवार को डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा देने वाले टीचर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरे फरार डमी की तलाश की जा रही है। मूल अभ्यर्थी व डमी अभ्यर्थी की फोटो को फोटोशॉप से मिलाकर नई फोटो को परीक्षा प्रवेश पत्र पर लगाया गया था। दोनों डमी अभ्यर्थी हिंदी व सामान्य ज्ञान



के दोनों पेपर की परीक्षा देने में सफल हो गए। एसओजी एडीजी वीके सिंह ने बताया कि गिरधारी राम (35) निवासी बाप-फलौदी हाल अध्यापक लेवल-2 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नेहडाई मोहनगढ-जैसलमेर को डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा में बैठने पर गिरफ्तार किया गया है।

### 10 लाख लेकर बैठा था परीक्षा में

गिरधारी ने विक्रम जीत के स्थान पर डमी अभ्यर्थी के रूप में 10 लाख रुपए लेकर परीक्षा दी थी। विक्रम का 13 सितंबर 2021 को जवाहर जैन शिक्षण संस्थान हिरण मगरी उदयपुर में परीक्षा सेंटर आया था। ट्रेनी एसआई विक्रम जीत निवासी बीकानेर हाल जोधपुर को एसओजी ने 14 अप्रेल को आरपीए ट्रैनिंग सेंटर से गिरफ्तार किया था।

### विश्व जागृति मिशन के स्थापना दिवस पर शोभायात्रा निकाली

# गुरुसत्ता का आह्वान, मानव में जगे दैवीय विधान

बेधड़क | जयपुर

विश्व जागृति मिशन (विजामि) के 33वें स्थापना दिवस जयपुर मंडल के श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकाली। श्रद्धालुओं ने 'गुरुसत्ता का है आह्वान, मानव में जगे दैवीय विधान', 'विश्व जागृति मिशन की रीति, सेवा सिमरन से रखे प्रीति' तथा 'आनंद धाम की यहीं पुकार, विश्व जागरण की बहे बयार' जैसे नारे लगाते हुए मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उत्साह के साथ भागीदारी निभाई।




शोभा यात्रा सोमेश्वर महादेव मंदिर से रवाना होकर बीस दुकान और आदर्श नगर क्षेत्र से गुजरते हुए वापस सोमेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। विजामि जयपुर मंडल के प्रधान मदनलाल अग्रवाल ने बताया कि शोभायात्रा से पूर्व आदर्श नगर स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आचार्य मोहन शास्त्री एवं पंडित विष्णु शर्मा के सानिध्य में हवन किया गया।

हवन में उप प्रधान नारायण दास गंगवानी, महासचिव दिनेश चंद्र गुप्ता और सचिव द्वारका प्रसाद मुटरेजा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सामूहिक आहुतियां दी।

### मुख्य सचिव सुधांश पंत ने विद्युत भवन का किया औचक निरीक्षण

# सीएस ने लगाई फटकार... अधिकारी ही लेट आएंगे, तो कैसे काम चलेगा

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने एक बार फिर गुरुवार को औचक निरीक्षण किया है। मुख्य सचिव अचानक विद्युत भवन पहुंचे और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। चीफ सेक्रेटरी को देख हर कोई हैरान हो गया। इस दौरान लेट आने वाले कई अधिकारियों को आईएएस पंत ने फटकार भी लगाई और आगे से समय पर ऑफिस आने के निर्देश दिए।

वहीं, दूसरी ओर चीफ सेक्रेटरी के विद्युत भवन आन की सूचना मिलते ही ऊर्जा विभाग के आलाधिकारियों में हड़कंप मच गया और वे तुरंत मौके पर पहुंच गए। इस दौरान मुख्य सचिव ने कई अधिकारियों के






लेट आने पर नाराजगी जताई। साथ ही विद्युत भवन में संयुक्त सचिव का कक्ष देखकर भी उन्होंने कई सवाल खड़े कर दिए। सीएस ने कहा कि रूम सचिवालय में ही होना चाहिए, यहां नहीं। इस दौरान का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सुधांशु पंत अधिकारियों को फटकार लगाते और फाइलों को खंगालते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं है जब सुधांश पंत इस तरह अचानक किसी विभाग का निरीक्षण करने पहुंचे हो। इससे पहले भी कई बार अलग-अलग विभागों के औचक निरीक्षण करते रहे हैं। पंत के निरीक्षण से अधिकारियों में आज जैसी ही हड़कंप की स्थिति बन जाती है। उनके आते ही सभी मौके पर पहुंच जाते हैं।

### अधिकतर कमरों में नहीं मिले अधकारी

सीएस विद्युत भवन में प्रवेश करते ही सीधे फर्स्ट फ्लोर पर गए और वहां ऊर्जा विभाग के आलाधिकारियों के कक्ष का दौरा किया। इस दौरान अधिकांश कमरों में अधिकारी नहीं मिले हालांकि, कुछ देर बार ही राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के एमडी नथमल डिडेल पहुंचे गए तो सीएस ने उनसे पूछ लिया कि कब आए हो। डिडेल ने 7 मिनट देरी से आने की जानकारी दी तो सीएस ने कहा कि जब अधिकारी ही लेट आएंगे, तो कैसे काम चलेगा। इसके साथ ही जेएस के वहां दिखने पर कहा कि आप यहां क्यों आए हो आपका चैंबर सचिवालय में नहीं है क्या?

### डिस्पोजल टाइम अधिक होने पर हुए नाराज

सीएस ने एक एईएन के डिस्पोजल टाइम अधिक होने पर गहरी नाराजगी भी जाहिर की करीब एक घंटे के दौरे के बाद मीडिया से बातचीत में सीएस ने कहा कि अभी यहां और सुधार की जरूरत है। कुछ अधिकारियों का फाइल डिस्पोजल टाइम अधिक हैं, उन्हें सुधार के लिए हिदायत दी है। वहीं, कुछ अधिकारी अच्छा काम कर रहे हैं। उनको हम प्रेरित भी कर रहे हैं और अच्छा करने के लिए, ये एक सतत प्रक्रिया है। कई दौरे होने के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर सीएस बोले जो ठीक से काम नहीं करते उन पर एक्शन भी लेना पड़ता है।

जरूरी खबर

## शॉर्ट सर्किट से आग, लाखों का माल खाक



**बूंदी।** शहर के नैनवां रोड रजत गृह गेट नंबर 2 पर बुधवार देर रात एक प्रोविजन स्टोर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग से लाखों का माल जलकर खाक हो गया। नगर परिषद की फायर ब्रिगेड ने 5 घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पाया। प्रोविजन स्टोर के मालिक रोहित जैन ने बताया कि घटना रात्रि डेढ़ बजे की है। इस पर सुबह 6 बजे तक काबू पाया जा सका। आग लगने से करीब 30 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट बताया जा रहा है।

## बूथों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां, तैयारियां पूरी

**चाकसू।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के लिए दौसा संसदीय क्षेत्र चाकसू विधानसभा में क्षेत्र में 241 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 7 सहायक मतदान केंद्र भी शामिल हैं। गुरुवार को जयपुर से पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर पहुंची। मतदान दल कुछ देर आराम करने के बाद वोटिंग की तैयारियों में जुट गए। क्षेत्र में वोटिंग शांतिपूर्ण हो, इसके लिए पुलिस का जाब्ता तैनात किया गया है। थानाप्रभारी कैलाश दान ने बताया कि यहां एडिशनल एसपी पुष्पेंद्र सिंह को चाकसू, एसपी अमर सिंह चारण, एडी. एसपी रायसिंह बेनीवाल शिवदासपुरा, कोटखावदा दिनेश सिंह को अतिरिक्त व्यवस्था के लिए तैनात किया गया है।

## चाय बनाते समय फटा सिलेंडर, धमाके से दहशत



**बहरोड़।** नगर परिषद के तिलक नगर में गुरुवार शाम को चाय बनाते समय सिलेंडर में आग लगने के बाद धमाका हो गया। धमाके के बाद सिलेंडर से निकली आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। तेज धमाके के बाद आस-पास के रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। धमाका इतनी तेज था कि मकान में दरारें आ गई। समय रहते घर में मौजूद लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। दमकल विभाग के इंचार्ज विक्रम ने बताया कि फोन के जरिए सूचना मिली थी कि कस्बे में एक सिलेंडर फट गया है। दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### राजस्थान में पुलिस महकमा अलर्ट: सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम, आपराधिक तत्वों पर कड़ी निगरानी

# अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय सीमाओं पर विशेष चौकसी

बेधड़क | श्रीगंगानगर

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत प्रदेश में शुक्रवार को श्रीगंगानगर में भी मतदान होना है। मतदान शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में हो, इसके लिए चुनाव आयोग के साथ ही पुलिस महकमा भी पूरी तरह से तैयार है।

पुलिस की ओर से अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय सीमाओं पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। श्रीगंगानगर एसपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से पर्याप्त मात्रा में जाप्ता मिला है। श्रीगंगानगर जिला पाकिस्तान सीमा से लगता हुआ जिला है, ऐसे में



सीमा से लगते गांवों में विशेष चौकसी बरती जा रही है।

गांवों में बाहर से आए संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान के लिए लगातार गश्त की जा रही है। पाकिस्तान सीमा के साथ-साथ श्रीगंगानगर जिला पंजाब सीमा पर स्थित है, ऐसे में पंजाब सीमा से लगती साधुवाली और पतली चैक पोस्ट पर ए श्रेणी की नाकाबंदी की गई है। इसके तहत जवान आने-जाने वाले वाहनों की पूरी जांच कर रहे हैं। किसी भी वाहन को बिना जांच के आगे नहीं जाने दिया जा रहा है।

### राजस्थान-पंजाब का ऑपरेशन सील अभियान

श्रीगंगानगर एसपी गौरव यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस के साथ मिलकर सुयंक्त रूप से 'आपरेशन सीमा सील' चलाया गया है, जिसके तहत दोनों राज्यों की पुलिस मिलकर कार्य कर ही है। राजस्थान के पुलिस नाकों पर पंजाब पुलिस के अधिकारी और पंजाब के नाकों पर राजस्थान पुलिस के अधिकारी मिलकर कार्य कर रहे हैं। दोनों राज्यों की पुलिस ने सुयंक्त रूप से राजस्थान और पंजाब के आस-पास के इलाकों में नाकबंदी की और चेकिंग की। आपको बता दें कि चुनाव के चलते एक राज्य से दूसरे राज्य में संभावित नकदी और शराब की तस्करी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं।

### जवानों ने फ्लैग मार्च भी निकाला

एसपी गौरव यादव ने बताया कि आमजन में भयमुक्त चुनाव का संदेश देने के लिए फ्लैग मार्च भी आयोजित किए गए हैं। मतदान के बाद सभी ईवीएम श्रीगंगानगर के डॉ. भीमराम आंबेडकर कालेज में लाई जाएंगी। पड़ोसी राज्य के फाजिल्का जिले के डिप्टी कमिश्नर सेनू दुग्गल ने बताया कि राजस्थान में पहले चरण के चुनाव होने जा रहे हैं। इसको लेकर हनुमानगढ़ श्रीगंगानगर से लगते पंजाब सीमा के 3 किलोमीटर एरिया के शराब के ठेके बंद किए गए हैं।

### प्रदेश में पीएम मोदी सहित शीर्ष नेताओं के दौरे तय

# दूसरे चरण के लिए BJP नेताओं ने कसी कमर, शाह आज उदयपुर में

बेधड़क | उदयपुर

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर पहले चरण के प्रचार का दौर थमने के बाद अब दूसरे चरण के प्रचार पर पार्टियों ने जोर देना शुरू कर दिया है। इस क्रम में उदयपुर संभाग की चार लोकसभा सीटों पर चुनाव अभियान तेज होता जा रहा है। दूसरे चरण के प्रचार के लिए भाजपा के शीर्ष नेताओं के दौरे तय हो चुके हैं। इसके तहत देश के गृहमंत्री अमित शाह उदयपुर में भाजपा प्रत्याशी मन्नालाल रावत के समर्थन में शुक्रवार को रोड शो करेंगे।

शाह के रोड शो को लेकर स्थानीय भाजपा नेताओं ने लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली है। शाह का रोड शो शाम 6 बजे दिल्ली गेट से प्रारंभ होकर बापू बाजार सूरजपोल होते हुए अस्थल मंदिर पर आकर खत्म होगा। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह शाम 4 बजे भोपालगढ़ में जनसभा करेंगे। वहीं, 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे शक्करगढ़ भीलवाड़ा में जनसभा करने के बाद दोपहर 12 बजे कोटा में आम सभा को संबोधित करेंगे। दो दिन बाद 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वागड़ में लोकसभा प्रत्याशी महेंद्रजीत सिंह मालवीय के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी इस दिन भीनमाल में सुबह 11 बजे और बांसवाड़ा में दोपहर 1 बजे चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।





### मेवाड़ की इन सीटों पर सबकी निगाहें

उदयपुर संभाग में चार लोकसभा सीट हैं, जिसमें राजसमंद, उदयपुर, डूंगरपुर-बांसवाड़ा और चित्तौड़ लोकसभा सीट शामिल है। इस बार इन सीटों पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की साख दांव पर लगी हुई है। बता दें कि उदयपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने परिवहन विभाग के पूर्व अतिरिक्त आयुक्त मन्नालाल रावत को मैदान में उतारा है तो वहीं कांग्रेस ने पूर्व कलेक्टर ताराचंद मीणा पर दांव खेला है। दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों का समीकरण बिगाड़ने के लिए इस बार बाप पार्टी भी मैदान में है। चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी मैदान में हैं। इनके सामने पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना है।

### हरियाणा और UP के सीएम भी आएंगे

प्रदेश के लोकसभा चुनाव के रण को जीतने के लिए भाजपा के शीर्ष नेताओं की कड़ी में शुक्रवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी भी बालोतरा में जनसभा और मंडोर में रोड शो करेंगे। इसके बाद 20 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। सीएम योगी यहां निंबाहेड़ा में दोपहर 12 बजे और ब्यावर में दोपहर 2 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद शाम 4 बजे जोधपुर में रोड शो करेंगे।

### कांग्रेस के स्टार प्रचार भी प्रचार में जुटेंगे

वहीं कांग्रेस भी अपने स्टार प्रचारकों को बुलाकर सभाओं में जुटी हुई है। सबसे ज्यादा निगाहें डूंगरपुर-बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर है, क्योंकि यहां भाजपा ने कभी कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय को मैदान में उतारा है,कुछ दिनों पहले ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए महेंद्रजीत सिंह मालवीय पर भाजपा ने दांव लगाया है। हालांकि, उनके इस दांव को असफल करने के लिए बाप पार्टी ने राजकुमार रोत मैदान में उतारा है। इन दोनों के बीच में दिलचस्प मुकाबला नजर आ रहा है।

### कोटा, नागौर और एमपी में छुपे रहे

# पुष्कर घाटी से युवती का अपहरण कर गैंग रेप के तीन आरोपी गिरफ्तार



बेधड़क | अजमेर

जिले की क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने पिछले महीने हुए युवती से गैंगरेप के मामले में तीन युवकों को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।। तीनों आरोपी मामला दर्ज होने के बाद कोटा, नागौर, एमपी में फरारी काट रहे थे।

अजमेर पहुंचने पर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने शराब के नशे में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पीड़िता से दुष्कर्म किया था। इस मामले में पुलिस पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जो फिलहाल जेल में हैं। इसके साथ एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया था, जो बाल संप्रेषण गृह में है। मामले में अब एक आरोपी फरार चल रहा है। क्रिश्चियन गंज थानाधिकारी अरविंद सिंह चारण ने बताया कि नागौर निवासी राहुल कछावा (24), मोहित चौधरी (23) अजमेर निवासी देवराज गुर्जर (21) को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता ने 22 मार्च को क्रिश्चयनगंज थाने में रिपोर्ट दी थी कि वह 18 मार्च अपने जीजा के साथ पुष्कर घाटी पर घूमने गई थी। इस बीच एक कार आई और 4 आरोपियों ने उसके जीजा को धक्का देकर नीचे गिरा दिया। बंदूक के दम पर उसका अपहरण कर लिया। आरोपियों ने उसका फोन स्विच ऑफ कर दिया। इसके बाद पुष्कर घाटी की तरफ ले गए और एक खंडहर कमरे में शराब के नशे में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने उसे धमकी दी कि अगर वह चिल्लाई तो गोली से मार देंगे। उसी दिन पीड़िता को बाइक पर दो लड़के जनाना हॉस्पिटल की तरफ ले गए। वहां भी एक लड़के ने दुष्कर्म किया। बाद में आरोपियों ने उसे रोडवेज बस स्टैंड पर छोड़ दिया।

### सियाणा और भाद्राजून में जनसभाओं को किया संबोधित

# वैभव वचन-पत्र में किए गए वादों को जरूर पूरा करेगा: अशोक गहलोत

बेधड़क | जालोर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को आहोर विधानसभा क्षेत्र के सियाणा और भाद्राजून में जनसभाओं को संबोधित किया। जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में आयोजित इन सभाओं में गहलोत को सुनने काफी लोग उमड़े। इन सभाओं में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वैभव ने अपना मैनिफेस्टो जारी कर दिया है, जिसमें जालोर, सांचौर और सिरोही जिलों की तरक्की का रोडमैप बनाया गया है। इस




वचन पत्र के माध्यम से इन जिलों की पेयजल, सिंचाई जल, रोजगार, ट्रेन, एयरपोर्ट आदि से जुड़ी समस्याएं दूर होंगी और विकास के नए रास्ते भी खुलेंगे। उन्होंने आमजन से 26 अप्रैल को वैभव गहलोत को मत समर्थन देने की अपील की। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 19 अप्रैल शुक्रवार को पिण्डवाड़ा-आबू एवं सिरोही क्षेत्र में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वैभव गहलोत के समर्थन में यह जनसभाएं सुबह आबू रोड, दोपहर पिण्डवाड़ा और शाम को जावाल में आयोजित की जाएंगी।

### पत्नी से अवैध संबध के चलते उतारा था मौत के घाट

# भांजे की हत्या के आरोपी ने की खुदकुशी

बेधड़क | दौसा

जिले के लालसोट में पत्नी से अवैध संबंधों के चलते भांजे की हत्या करने के मामले में हिरासत में लिए गए मामा ने पुलिस थाने की हवालात में खुदकुशी कर ली। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और जिले के बड़े अधिकारी लालसोट पहुंच गए।

दौसा एसपी रंजिता शर्मा ने बताया कि आरोपी मनोज ने अपने साले के साथ मिलकर पिछले दिनों पत्नी से अवैध संबंधों के चलते 11 अप्रैल को अपने भांजे लोकेश मीना की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद शव को नदी क्षेत्र




में गाड़ दिया था। मृतक लोकेश मीना के भाई कुंजी लाल मीना ने अपने मामा मनोज मीना पर हत्या का संदेह जताते हुए मामला दर्ज कराया था।

पुलिस ने मामा मनोज मीना को हिरासत में लेकर उससे गहन पूछताछ की थी। इसमें सामने आया कि मामा मनोज ने ही अपने साले धर्मेंद्र और अन्य साथियों के साथ मिलकर भांजे लोकेश मीना का अपहरण किया था। इसके बाद बेहरहमी से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी थी। एसपी रंजिता शर्मा ने बताया कि हिरासत में लेने के बाद आरोपी को हवालात में रखा गया था। इस दौरान उसने खुदकुशी कर ली।

### हत्या के बाद शव दफनाया

हत्या के बाद आरोपियों ने लोकेश मीना का शव घटनास्थल से 10 किलोमीटर दूर सवाई माधोपुर क्षेत्र में स्थित मोरेल नदी में गहरा गड्ढा खोदकर दफन कर दिया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी मनोज की निशानदेही पर लोकेश मीना का शव मोरेल नदी से बरामद किया। मृतके भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी मामा मनोज को हिरासत में लिया था।

### शांतिपूर्ण चुनाव के लिए जिला पुलिस की कार्रवाई

# रोहित गोदारा गैंग के गुर्गे सहित 4 बदमाश गिरफ्तार

बेधड़क | बीकानेर

लोकसभा चुनाव को लेकर शांतिपूर्ण मतदान कराने के उद्देश्य से बीकानेर जिला पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई की है। बीकानेर के नयाशहर, कोटगेट व सदर थाना में में कुल 6 हथियार 10 कारतूस बरामद किए गए हैं।

साथ ही पुलिस ने 4 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पकड़े गए इन 4 आरोपियों में से एक 40 हजार का इनामी आरोपी महादेव उर्फ माधव पारीक है। माधव रोहित गोदारा गैंग से जुड़ा है। बीकानेर जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि आरोपी माधव पारीक रोहित गोदारा गैंग से जुड़ा है। पिछले दिनों बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ के एक व्यक्ति को रोहित गोदारा गैंग



की ओर से फिरौती के लिए धमकी दी गई थी। इस मामले की छानबीन में सामने आया कि पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में व्यापार करने वाले इस व्यक्ति की रेकी माधव पारीक ने की थी। बीकानेर के अलग-अलग थानों में माधव के खिलाफ 8 मुकदमे दर्ज हैं। वह नयाशहर थाना का हिस्ट्रीशीटर है और पिछले लंबे समय से आर्म्स एक्ट के एक मुकदमे में गिरफ्तारी से बचने के लिए देश के अलग-अलग जगह पर फरारी काट रहा था। पुलिस ने फिरौती प्रकरण की छानबीन की तो माधव पारीक के बारे में इनपुट मिला और इससे जुड़े लोगों से पूछताछ की और लोकेशन ट्रेस किया गया। सिलीगुड़ी में माधव पारीक के साथ पुलिस ने दो अवैध हथियार भी बरामद किए हैं।

### 3 अन्य लोग भी गिरफ्तार

माधव पारीक की गिरफ्तारी के बाद बीकानेर के सदर और कोटगेट थाना क्षेत्र में भी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनसे एक-एक अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं। माधव मध्य प्रदेश से अवैध हथियार लेकर आता था और बीकानेर में सप्लाई करता था। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।

## हिस्ट्रीशीटर हत्याकांड में फरार इनामी बदमाश को दबोचा

**दौसा।** हिस्ट्रीशीटर निरंजन मीना हत्याकांड में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर दौसा एसपी की ओर से 5 हजार का इनाम भी घोषित किया हुआ था। 8 अगस्त 2023 को सीताराम मीना, केके मीना, मनोज शर्मा, हरी मीना समेत कई बदमाशों ने मिलकर बालाजी थाने के हिस्ट्रीशीटर निरंजन मीना की बेरहमी से मारपीट कर हत्या कर दी थी। इस मामले में 9 आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, आरोपी मनोज शर्मा निवासी भालपुर को पुलिस ने गुरुवार को पकड़ा। मामले का एक आरोपी हरी मीना अभी भी फरार है। हिस्ट्रीशीटर केके मीना ने निरंजन मीना को किसी जमीन से कब्जा हटवाने की एवज में 4 लाख रुपए दिलाने का लालच दिया। केके मीना खुद कार चलाकर निरंजन को नेशनल हाईवे 21 पर स्थित बांसखो तक लेकर आया था। इस दौरान मनोज शर्मा सहित अन्य आरोपियों ने निरंजन का पीछा किया। इसके बाद आरोपियों ने कानेटी मटेरी के जंगलों में जिस कार में निरंजन में बैठा था, उसके आगे कार लगा दी। आरोपियों ने हिस्ट्रीशीटर के साथ खूब मारपीट की।

# हजरत शाह जलाल बाबा का उर्स आज से

**चाकसू।** कस्बे में सूफी संत हजरत पीर जलाल शाह की दरगाह में तीन दिवसीय सालाना उर्स शुक्रवार को ईशा की नमाज के बाद शुरू होगा, जो 21 अप्रैल को कुल की रस्म के साथ सम्पन्न होगा। दरगाह के गद्दीनशीन बाबा मकबूल अली शाह ने बताया कि उर्स के पहले दिन महफिल मिलाद व शमा होगी। वहीं 20 अप्रैल को दोपहर तहसील कार्यालय से चादर व शाम को महफिल शमा व 21 अप्रैल को सुबह फज्र की नमाज के बाद कुरानख्वानी होगी। इस दौरान दोपहर में लंगर चलेगा। शाम को कुल की रस्म के साथ उर्स सम्पन्न होगा। 22 अप्रैल को गोलीराव तालाब पर जलदाय विभाग कार्यालय के सामने हजरत उज्रे वाले बाबा का उर्स भी आयोजित होगा। इसी तरह 23 अप्रैल को आजमंगर में मीरा शाह बाबा का उर्स होगा। दरगाह कमेटी की ओर से उर्स की पूरी तैयारी कर ली गई है। वक्फ कमेटी के सदर अब्दुल हमीद खोखर, मुस्लिम नौजवान वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आमीन खान, सचिव इरफान खत्री, संगटन मंत्री सलीमुद्दीन लुहार, कैशियर खलील भाई नीलगर, पार्षद हज्जन बेगम खान, हाजी मेहराज भाई ने दरगाह पहुंचकर उर्स की तैयारियों का जायजा लिया। गौरतलब है कि उर्स में टोंक, जयपुर व अजमेर के कव्वाल बाबा की शान में कलाम पेश करेंगे। इस सालाना उर्स में जयपुर, दौसा, टोंक, अजमेर सहित कई जिलों से जायरीन उर्स में शिरकत करेंगे।

**कंपनी सेक्रेट्री एग्जाम: 19 अप्रैल की रात 11.59 बजे तक कर सकेंगे आवेदन**

# जून परीक्षाओं के लिए पंजीकरण का आज अंतिम अवसर

बेधड़क | जयपुर

सीएस एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल जून 2024 परीक्षाओं की तैयारी में जुटे स्टूडेंट्स के लिए काम की खबर। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान ने जून 2024 सत्र में आयोजित की जाने वाली एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल प्रोग्राम की परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए जरूरी ऑनलाइन पंजीकरण के लिए 19 अप्रैल को अंतिम तारीख है। संस्थान द्वारा मंगलवार 16 अप्रैल को नोटिस जारी कर पंजीकरण के लिए फिर से विंडो ओपेन करने की घोषणा की गई थी। स्टूडेंट्स 19 अप्रैल की रात 11.59 बजे तक पंजीकरण कर सकेंगे। बता दें कि ICSI ने सीएस एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल जून 2024 परीक्षाओं के लिए पंजीकरण हेतु विंडो 12 मार्च को ओपेन की थी, जिसकी आखिरी तारीख बिना विलंब शुल्क के 25 मार्च और लेट फीस के साथ 9 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई थी। हालांकि, इसके बाद संस्थान ने पंजीकरण नहीं कर सके छात्र-छात्राओं को एक और मौका दिया है। इस अवधि में एग्जाम फॉर्म भरते समय भी स्टूडेंट्स को लेट फीस देनी होगी।



### फॉर्म में करेक्शन 20 अप्रैल से 1 मई तक

CSI ने CS जून 2024 परीक्षाओं के लिए पंजीकरण का एक और मौका देने के साथ ही साथ स्टूडेंट्स को सबमिट किए गए फॉर्म में सुधार या संशोधन का भी मौका दिया है। संस्थान के नोटिस के मुताबिक जिन छात्र-छात्राओं को अपने फॉर्म में करेक्शन करना हो या कोई बदलाव करना हो तो वे इसके लिए 20 अप्रैल की शाम 4 बजे से ओपेन की जाने वाली करेक्शन विंडो के माध्यम से सुधार कर सकेंगे। ICSI ने परीक्षा फॉर्म में सुधार की आखिरी तारीख 1 मई 2024 निर्धारित की है।

### 2 से 10 जून तक होंगी परीक्षाएं

इससे पहले ICSI ने CS एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल जून 2024 परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम जारी किया था। नए कार्यक्रम के अनुसार परीक्षाओं का आयोजन 2 जून से 10 जून 2024 तक किया जाएगा। बता दें कि संस्थान द्वारा यह परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव पूरे देश में होने वाले लोक सभा चुनावों के मद्देनजर किया गया है।

### कंपनी सचिव की जिम्मेदारी

कंपनी सचिव की जिम्मेदारी संगठन के प्रभावी प्रबंधन और प्रशासन को सुनिश्चित करना है और विनियामक और वैधानिक अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को पूरा करना। सामान्य बैठकों में भाग लेना, कानूनी दस्तावेजों का प्रबंधन करना, यदि आवश्यक हो तो बोर्ड को सलाह देना। कंपनी सचिव की भूमिका सचिवीय नहीं है।

## Yuva स्टोरीज

## नाट्यशास्त्र के सिद्धांत और प्रयोग पर मिलेगा प्रशिक्षण



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय संगीत विभाग एवं नाट्यकुलम संस्थान जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्रस्तुति परक नाट्य शास्त्रीय कार्यशाला एक मई से आयोजित की जाएगी। विभाग की हेड प्रोफेसर वंदना कल्ला ने बताया कि कार्यशाला के संचालक संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली से अमृत पुरस्कार प्राप्त प्रसिद्ध रंगकर्मी नाटय निर्देशक व लेखक आचार्य भारत रत्न भार्गव होंगे। इस अवसर पर भारत रत्न भार्गव ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय रंगमंच से जोड़ना है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को नाट्यशास्त्र के सैद्धांतिक और प्रयोग पक्ष पर प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यशाला में एक संस्कृत नाटक तैयार करवाया जाएगा, जिसका मंचन भी किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रोफेसर प्रभा भारद्वाज भी उपस्थित रही। कार्यशाला के समन्वयक शास्त्रीय संगीत और नाटक के शोधार्थी जीतेन्द्र जीतेन्द्र शर्मा करेंगे। कार्यशाला में प्रवेश के लिए शास्त्रीय नाट्य सीखने के इच्छुक विद्यार्थी संगीत विभाग राजस्थान विश्वविद्यालय से सपर्क कर सकते है। प्रवेशार्थियों के चयन का आधार साक्षात्कार रहेगा।

## सांख्यिकी अधिकारियों की पात्रता जांच 29 से

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सांख्यिकी अधिकारी (सांख्यिकी विभाग) भर्ती परीक्षा के तहत जारी विचारित सूची में सम्मिलित 172 अभ्यर्थियों का काउंसलिंग कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इन अभ्यर्थियों की पात्रता जांच निर्धारित कार्यक्रमानुसार 29 अप्रेल से 3 मई 2024 एवं 6 मई से 7 मई 2024 तक की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा इन पदों के लिए 8 अप्रेल 2024 को पात्रता जांच के लिए अभ्यर्थियों की विचारित सूची जारी की गई थी। इस सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए आयोग वेबसाइट से काउंसलिंग लेटर, ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति, निर्धारित प्रारूप में जारी अनुभव प्रमाण-पत्र मय कार्य विवरण/कार्य आदेश, रुपए 50/- के नॉन ज्यूडिशियल स्टांप पर जारी निर्धारित शपथ-पत्र, विस्तृत आवेदन-पत्र एवं आवश्यक दिशा-निर्देश डाउनलोड कर विस्तृत आवेदन-पत्र (दो प्रतियों में) समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर विस्तृत आवेदन पत्र हेतु ऑनलाइन शुल्क रु 50/- की रसीद सहित संबंधित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति, मूल निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक को आयोग कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा।

**सहायक नगर नियोजक परीक्षा-2022**

## अभ्यथियों का काउंसलिंग कार्यक्रम 24 अप्रेल को

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक नगर नियोजक (नगर नियोजन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत जारी अतिरिक्त विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग का आयोजन 24 अप्रैल 2024 को किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया की उक्त परीक्षा के तहत पात्रता जांच के लिए अभ्यर्थियों की अतिरिक्त विचारित सूची 16 अप्रैल 2024 को जारी की गई थी। इसमें 24 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच हेतु अस्थाई रूप से विचारित सूची में शामिल किया गया था।

**मतदाता जागरूकता अभियान जारी**

# स्टूडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक से मतदान का दिया संदेश

**■ पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से आम नागरिकों को किया प्रेरित**



बेधड़क | जयपुर

रोटरी क्लब जयपुर के द्वारा प्रायोजित इंटरेक्ट क्लब माहेश्वरी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चौड़ा रास्ता की इन्ट्रैक्टर्स छात्राओं के द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। राजस्थान द्वारा चलाए जा रहे मतदान जागरूकता अभियान के तहत, जागरूकता लाने के लिए गुरुवार को शहर के मुख्य मार्ग चौड़ा रास्ता में मानव श्रृंखला बनाकर अल्बर्ट हॉल तक रैली निकाली ।

इस दौरान स्टूडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा नागरिकों से मतदान की अपील की। इस अवसर पर बालिकाओं ने विभिन्न पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से आम नागरिकों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए भी प्रेरित किया। रोटरी क्लब जयपुर के सचिव रो. पीयूष जैन ने माहेश्वरी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यापकों एवं छात्राओं को समाज हित के कार्यों मे सहयोग करने के लिए भरपूर प्रशंसा की।

### लोकतंत्र के उत्सव में निभाएं भागीदारी



लोकसभा आमचुनाव 2024 मे मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो,प्रादेशिक कार्यालय, जयपुर द्वारा आज जयपुर के सिटी पार्क और जवाहर सर्किल पर आमजन को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभाग के पंजीकृत दल ने दोनों स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से निष्पक्ष व निडर होकर किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना, लोकतंत्र के उत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मतदान दिवस पर अपना मत अवश्य देने की अपील की गई। केंद्रीय संचार ब्यूरो के संजय बूलचंदानी ने 19 अप्रैल को बूथ पर पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की।

### एक-एक वोट व एक-एक बूंद पानी है अनमोल

घटते जलस्तर को देखते हुए आमजन की जागरूकता के लिए पानी बचाओं अभियान के तहत आमजन को पोस्टर और बैनरों के माध्यम से पानी बचाने की अपील स्टैन्यू सर्किल पर विभिन्न संगठनों ने की। बता दे कि शहर में नदी, तालाब, बोरिंग और नलों में पानी का जलस्तर लगातार घटता जा रहा है, जिस कारण कई कालोनियों में पानी की सप्लाई बाधित हो रही है। देश के बैंगलोर, चेन्नई और मुम्बई सहित कई शहरों में पानी की कमी के चलते लोग परेशान है। इसको गंभीरता से लेते हुए शहर के कई जागरूक संगठनों ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर स्टैच्यू सर्किल पर खड़े होकर प्रदर्शन किया और आम-लोगों को पानी बचाने के लिए जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही मतदान के लिए भी संदेश दिया कि एक एक वोट और पानी की एक एक बूंद कीमती है इनका सदपयोग कीजिए और जागरूकता पोस्टरों में जल है तो कल है, व्यर्थ पानी ना बहाओं भविष्य बचाओं, पानी की रक्षा देश की रक्षा, जल ही जीवन हैं, जैसे स्लोगन की तख्तियों से पानी बचाने का संदेश दिया।

**कांस्टेबल भर्ती परीक्षा**

# 24 से 28 अप्रैल तक आवेदन में संशोधन



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान पुलिस द्वारा कांस्टेबल भर्ती के लिए विज्ञापित 3578 पदों में से कांस्टेबल उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा भर्ती के 56 पदों के लिए आमंत्रित किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन व त्रुटि सुधार का अवसर प्रदान किया गया है। आगामी 24 अप्रैल से 28 अप्रैल तक निर्धारित शुल्क का भुगतान कर अभ्यर्थी अपने आवेदन में संशोधन कर सकेंगे। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड श्री सचिन मित्तल ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की विज्ञप्ति दिनांक 2 अप्रैल 2024 के द्वारा कांस्टेबल उत्कृष्ट खिलाड़ी भर्ती हेतु विज्ञापित 56 पदों के लिए 23 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। भर्ती के लिए जारी विज्ञप्ति के अनुसार आवेदन पत्र भरे जाने की अंतिम दिनांक के पश्चात अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन एवं त्रुटि सुधार का अवसर प्रदान किया जाना है। एडीजी श्री मित्तल ने बताया कि वे अभ्यर्थी जिन्हें ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन करना है। ऐसे अभ्यर्थी 24 अप्रैल से 28 अप्रैल तक OTR से प्राप्त डाटा (स्वयं का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि एवं लिंग) के अतिरिक्त अन्य प्रविष्टियों में निर्धारित शुल्क 300 ऑनलाइन भुगतान कर संशोधन या त्रुटि सुधार कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात आवेदन पत्र में कोई संशोधन स्वीकार नहीं होगा।

## कंप्यूटर आधारित परीक्षा 13 जून से

**जयपुर।** कांस्टेबल भर्ती 2023 की शारीरिक दक्षता व मापतोल परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) आगामी 13 व 14 जून को प्रतिदिन दो पारियों में जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित करवाई जाएगी।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड श्री सचिन मित्तल ने बताया कि कांस्टेबल भर्ती 2023 के 3578 पदों की भर्ती के लिए 27 दिसंबर से 30 दिसंबर तक शारीरिक दक्षता व मापतोल परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें सफल रहे अभ्यर्थियों (बैंड कांस्टेबल पद के आवेदको की अतिरिक्त) की कंप्यूटर आधारित परीक्षा चुनाव आयोग से मंजूरी के उपरान्त 13 व 14 जून को जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित करवाई जा रही है।

श्री मित्तल ने बताया कि डाक से अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। अभ्यर्थी अपनी तैयारी रखें तथा नियमित रूप से पुलिस वेबसाइट को अधिकारिक सूचना के लिए चैक करते रहे।

**डिस्कशन** **रोटेरियन बी.एल गुप्ता की स्मृति में हिंदी देशभक्ति गीत -प्रतियोगिता का आयोजन**

# 16 स्कूलों के 100 स्टूडेंट्स ने मंच पर दिखाई प्रतिभा

बेधड़क | जयपुर

रोटरी क्लब जयपुर की ओर से इंटरेक्ट क्लबो के बीच रो. बी एल गुप्ता स्मृति हिंदी देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को रोटरी भवन में किया गया । कार्यक्रम में 16 इंटरेक्ट क्लबों क्रमशः निमावत पब्लिक स्कूल, महेश्वरी पब्लिक स्कूल कालवाड़ रोड, द पैलेस स्कूल, एम जी पी एस विद्याधर नगर, सुरेंद्र पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अजमेर रोड, एस आर .बी पब्लिक स्कूल,मोदी स्कूल लक्ष्मणगढ़, टैगोर विद्या भवन स्वर्ण पथ, टैगोर पब्लिक स्कूल वैशाली नगर, दिल्ली पब्लिक स्कूल, टैगोर इंटरनेशनल स्कूल मानसरोवर, सेंट एडमंड्स स्कूल जवाहर नगर,उच्च



माध्यमिक बालिका आदर्श विद्या मंदिर, टोंक रोड,यूनिवर्स पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम, महेश्वरी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। कुल 100 स्टूडेंट्स ने एकल एवं समूह गान में शानदार प्रस्तुतियां दी। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में चंद्र मोहन भट्ट, मिस हिमालिनी सोलंकी एवं कोषाध्यक्ष रो. अजीत कुमार बंसल ने बच्चों की भरपूर



प्रशंसा की। सभा का शुभारंभ करते हुए क्लब अध्यक्ष रो. उजास चंद जैन ने पधारे हुए निर्णायकों, रोटेरियनस, पी पी रो. सुधीर गुप्ता, विभिन्न इंटरेक्ट क्लबों से पधारे हुए टीचर्स एवं इनट्रैक्टर्स का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। ईश वंदना टैगोर पब्लिक स्कूल वैशाली नगर के छात्राओं द्वारा की गई। रोटरी फोर वे टेस्ट सुनाया गया। पॉल पी. हैरिस के जन्म दिवस पर दीप प्रज्वलन किया गया। इंटरेक्ट कमेटी चेयरमैन रो.श्रीकिशन शर्मा के द्वारा प्रतियोगिता के नियम बताते हुए प्रतियोगिता का आरंभ किया गया।

प्रतियोगिता में एकल गायन में प्रथम एम जी पी एस विद्याधर नगर की गरिमा पंजाबी,द्वितीय स्थान उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर टोंक रोड की पिंकी बेरवा, तृतीय स्थान भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम के अंश भार्गव रहे,समूह गान में प्रथम टैगोर इंटरनेशनल स्कूल मानसरोवर को, द्वितीय मोदी स्कूल लक्ष्मणगढ़ को और तृतीय भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम को प्रदान किया गया। चल वैजयंती टैगोर इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर,जयपुर को भेंट की गई।

# दक्षिण एशिया में गंभीर होता वायु प्रदूषण



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

पाकिस्तान के पेशावर में 25 वर्षीय स्कूल शिक्षिका नोरेन हर दिन स्कूल जाते समय प्रदूषित सड़कों पर गाड़ी चलाती है और महीन धूल में सांस लेने के कारण बीमार हो जाती है। नोरेन का कहना है कि मेरे दैनिक आवागमन के दौरान वायु प्रदूषण और धूल से मेरी हालत खराब हो जाती है। इससे मेरी आंखों पर भी असर पड़ता है, जिससे मेरी काम करने की क्षमता में बाधा आती है। वहीं भारत के बिहार के बेगूसराय की 80 वर्षीय कवयित्री मुकुल लाल इल्तिजा को उच्च प्रदूषण स्तर के कारण सांस लेने में गंभीर समस्या और फेफड़ों की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इसके चलते उन्हें शहर के बाहरी इलाके में अपने पैतृक घर में स्थानांतरित होना पड़ा। स्विस संगठन आईक्यूएयर की नवीनतम रिपोर्ट बताती है कि 2023 में बेगूसराय दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बना है। इसके प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशा-निर्देशों से करीब 23 गुना अधिक है। असल में वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर के कारण भारत और पाकिस्तान में महिलाएं श्वसन एवं हृदय संबंधी समस्याओं, कैंसर और अन्य बीमारियों से जूझ रही हैं। हालांकि वायु प्रदूषण सभी को प्रभावित करता है। डॉक्टरों का कहना है कि महिलाओं को इससे कुछ अनोखी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

उदाहरण के लिए हाल के शोध में वायु प्रदूषण से महिलाओं में स्तन कैंसर के मामले अधिक पाए गए हैं। वहीं लकड़ी वाले चूल्हे पर खाना पकाने जैसी गतिविधियां महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाती हैं। पेशावर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुहम्मद शहजाद कहते हैं कि घर के अंदर वायु प्रदूषण सिर्फ खाना पकाने से नहीं, बल्कि हीटिंग और लाइट से भी होता है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि पिछले दो दशकों में वायु प्रदूषण वैश्विक संकट बन गया है, खासकर दक्षिण एशियाई देशों में इसका प्रभाव गहरा है। विशेषज्ञों का कहना है

> *"पूरे दक्षिण एशिया में महिलाएं वायु प्रदूषण से खासा बीमार पड़ रही हैं। वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर के कारण भारत और पाकिस्तान में महिलाएं सांस एवं हृदय संबंधी समस्याओं, कैंसर और अन्य बीमारियों से जूझ रही हैं। स्वच्छ हवा की वकालत करने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार को इस समस्या के समाधान के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे।"*

कि यह खराब सार्वजनिक स्वास्थ्य में योगदान देने वाला प्रमुख पर्यावरणीय कारक है, जिससे दुनिया भर में सालाना सात से नौ मिलियन मौतें होती हैं। वहीं शिकागो विश्वविद्यालय के प्रो. माइकल ग्रीनस्टोन ने कहा कि वायु प्रदूषण से प्रभावित वैश्विक आबादी का तीन-चौथाई छह देशों में रहता है, जो बांग्लादेश, पाकिस्तान, भारत, चीन, नाइजीरिया और इंडोनेशिया हैं। मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण बाहरी खतरा होने के बावजूद एचआईवी-एड्स, मलेरिया और टीबी के लिए सालाना आवंटित पर्याप्त धनराशि की तुलना में वैश्विक वायु गुणवत्ता बुनियादी ढांचे में निवेश बहुत कम है।

इसे बढ़ाने पर सभी प्रमुख संगठनों को विचार करना चाहिए। शिकागो विश्वविद्यालय की ओर से जारी हालिया अध्ययन विशेष रूप से भारत और पाकिस्तान में जीवन प्रत्याशा पर वायु प्रदूषण के गंभीर प्रभाव को रेखांकित करता है। अध्ययन कहता है कि डब्ल्यूएचओ के वायु गुणवत्ता मानकों का पालन करने से भारत के लोगों की औसत जीवन प्रत्याशा में संभावित रूप से पांच वर्ष, जबकि पाकिस्तान के लोगों के 3.9 वर्ष का इजाफा हो सकता है। पाकिस्तान स्थित पेशावर के लोगों के लिए यह सुधार और भी महत्वपूर्ण हो सकता है, क्योंकि वहां संभावित रूप से इसमें 5.2 वर्ष का इजाफा होगा। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि यदि वायु प्रदूषण का वर्तमान स्तर जारी रहता है, तो लाहौर, कसूर, शेखपुरा और पेशावर जैसे प्रमुख पाकिस्तानी शहरों में औसत जीवन प्रत्याशा सात साल तक कम हो सकती है। पेशावर क्लीन एयर एलायंस संगठन की रिपोर्ट कहती है कि पाकिस्तान में वायु प्रदूषण के कारण सालाना 22,000 से अधिक असामयिक मौतें होती हैं। लैंसेट अध्ययन में कहा गया है कि वायु प्रदूषण भारत में सालाना करीब 2.3 मिलियन से अधिक समय से पहले मौतों का कारण बनता है। वहीं आईक्यूएयर का कहना है कि भारत ने अब दुनिया के तीसरे सबसे प्रदूषित देश का स्थान हासिल कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में भारत की वायु गुणवत्ता केवल बांग्लादेश और पाकिस्तान से बेहतर है। इन आंकड़ों ने बांग्लादेश और पाकिस्तान को 134 देशों में क्रमशः सबसे अधिक और दूसरे सबसे प्रदूषित देशों के रूप में स्थान दिया है। जयपुर की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपमा कालिया गंगवाल वायु प्रदूषण से बचाव के लिए लोगों विशेषकर श्वसन संबंधी समस्याओं वाले लोगों को मास्क पहनने की सलाह देती हैं। वे प्रदूषण के खिलाफ शरीर को मजबूत बनाने के लिए योग, व्यायाम और पौष्टिक आहार की वकालत करती हैं। स्वच्छ हवा की वकालत करने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि सभी सरकारों को इस समस्या के समाधान के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। पेशावर के सामाजिक कार्यकर्ता शफीक गिगयानी का कहना है कि वहां देशव्यापी प्रयासों की जरूरत है, जैसे प्लास्टिक और टायर जलाने पर रोक लगाना। हालांकि अभी हालातों में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा है। पूरे दक्षिण एशिया में महिलाएं वायु प्रदूषण से खासा बीमार पड़ रही हैं। भारतीय कवयित्री इल्तिजा का कहना है कि उनके शहर के बाहरी इलाके में एक कम प्रदूषित क्षेत्र में जाने से उनकी स्थिति में काफी सुधार हुआ है। यह दर्शाता है कि हरे-भरे स्थान जीवन और स्वास्थ्य के सुधार में इजाफा कर सकते हैं, इसलिए हमें पर्यावरण अनुकूल बनना होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## ईरान ने किया इजराइल पर हमला

# असली युद्ध में बदला छद्म युद्ध



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार



ईरान और इजराइल के बीच युद्ध के हालात निर्मित हो गए हैं। सीरिया में वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद ईरान ने पलटवार करते हुए व्यापक पैमाने पर इजराइल पर ड्रोण और मिसाइलों से हमले किए। ये दोनों प्रमुख शत्रु देश माने जाते हैं। इनके बीच सालों से छद्म युद्ध चल रहा है, परंतु यह पहली बार है, जब इनके बीच सीधी लड़ाई सामने आई है। हालांकि इजराइल ने ईरान से छोड़े गए ज्यादातर घातक हथियारों को आसमान में ही निष्क्रिय कर दिया। इस कारण उसे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। एक सैन्य अड्डे पर हानि के साथ, एक युवती गंभीर रूप से घायल हुई है। लेकिन इन हमलों ने रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास के बीच चल रहे भीषण युद्ध से त्रस्त दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। क्योंकि यह युद्ध तीसरे विश्व युद्ध की ओर भी बढ़ सकता है? युद्ध में अमेरिका, फ्रांस, जॉर्डन और ब्रिटेन ने जहां इजराइल का खुला समर्थन किया, वहीं ईरान के साथ सऊदी अरब, यमन, यूएई, ईराक और कुछ मध्य-एशिया के देश आगे आए हैं। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने चेतावनी दी है कि अगर इजराइल की तरफ से कोई कार्रवाई होती है तो उसे ईंट का जवाब पत्थर से मिलेगा। वह इजराइल के किसी भी हमले का उत्तर कोई देरी किए बिना तत्काल देगा और जरूरत पड़ने पर पहले कभी इस्तेमाल नहीं किए गए हथियार भी प्रयोग में ला सकता है। इससे संकेत मिलता है कि परमाणु हमले की स्थिति भी बन सकती है। इस लड़ाई के दूसरे पहलू महंगाई बढ़ने के साथ दुनिया में कच्चे तेल की कमी से जुड़े हैं।

> *"मध्य-पूर्व के इस ताजा घटनाक्रम में भारत की चिंता बढ़ा दी है। क्योंकि इजराइल में 80,000 और ईरान में करीब 4000 भारतीय नागरिक कार्यरत है। ईरान ने इजराइल जा रहे जिस माल वाहक जहाज को अपने नियंत्रण में लिया हुआ है, उसमें भी चालक दल के 17 भारतीय हैं। इन्हें मुक्त कराने के प्रयास में भारत सरकार लगी हुई हैं।"*

इस युद्ध के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र की अंतर्राष्ट्रीय परमाणु नियामक संस्था ने आशंका जताई है कि इजराइल आगामी दिनों में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बना सकता है। इस आशंका के चलते ईरान ने अपने परमाणु संयंत्रों को सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया है। ईरान ने इजराइल पर हमला इसलिए किया, क्योंकि 1 अप्रैल 2024 को इजराइल ने सीरिया पर हमला किया था। जिसमें ईरान समर्थित इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रजा जाहेदी समेत 8 अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के जवाब में अप्रत्याशित रुख अपनाते हुए लगभग 320 द्रोण और क्रूज मिसाइलों से हमला किया। ईरान इजराइल से करीब 1800 किमी की दूरी पर स्थित होने के बावजूद हमला करने में सफल रहा। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद इजराइल से लंबी दुश्मनी के चलते पहली बार यह सैन्य हमला इसलिए किया, क्योंकि ईरान ने 1 अप्रैल को सीरिया पर हमला बोला था। दरअसल ईरान इजराइल के अस्तित्व को स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि इजराइल ने मुस्लिमों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। हालांकि हमले के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर मामले को यहीं समाप्त करने का भरोसा जताया है, लेकिन उसने यह भी कहा है कि यदि इजराइल ने जवाबी कार्रवाई की तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। हालांकि इस परिप्रेक्ष्य में यह विरोधाभास देखने में आया है कि ईरान ने अमेरिका को इजराइल पर सीमित और नियंत्रित हमला करने की जानकारी पहले ही दे दी थी। यदि ईरान के विदेश मंत्री ने इस आशय का बयान दिया है।

यदि इस बयान में सच्चाई है तो क्या यह मान लिया जाए कि अमेरिका दुतरफा कुटिल चालें चल रहा है। चूंकि अमेरिका ब्रिटेन और फ्रांस को ईरान द्वारा इजराइल पर किए जाने वाले हमले की जानकारी थी, इसलिए इन मित्र देशों ने द्रोण और मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट करने में इजराइल का सहयोग दिया? इस मानसिकता को क्या माना जाए यह सोचने की बात है। इसीलिए युद्ध विश्लेषक यह अनुमान लगा रहे हैं कि इजराइल और हमास युद्ध तो अभी खत्म नहीं होगा, लेकिन ईरान-इजराइल का संघर्ष और बढ़ेगा, यह आशंका कम है।

विश्व में शांति और सुरक्षा का दायित्व अंतरराष्ट्रीय संस्था संयुक्त राष्ट्र पर है, लेकिन पिछले कुछ सालों में देखने में आया है कि इस संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण नहीं रह गई है। ज्यादातर वैश्विक संकटों के निदान में उसकी भूमिका पक्षपातपूर्ण होने के साथ गौण रही है। इसीलिए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई वैश्विक मंचों पर इस संगठन को अप्रासंगिक घोषित कर चुके हैं। दरअसल यह संगठन विकसित देशों की मुट्ठी में कैद है। इसी कारण संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश चीन के मनमाने रवैये के चलते भारत जैसा देश इसका स्थाई सदस्य नहीं बन पा रहा है। ये बात भी जगजाहिर है कि विकसित देशों की महत्वाकांक्षा और अहंकार ऐसे कारण हैं, जो वैश्विक समस्याओं को निदान की ओर ले जाने के बजाय उन्हें उकसाने का काम भी करते हैं। इसलिए अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देश जहां इजराइल और यूक्रेन को समर्थन देने के साथ युद्ध सामग्री उपलब्ध कराने में मदद करते हैं, वहीं ईरान इजराइल पर हमला अमेरिका को संज्ञान में लाने के बाद करता है। विकसित देश क्या ऐसी कुटिलताएं लड़ाई को निरंतर चलाए रखने के लिए बरत रहे हैं?

ईरान और इजराइल के बीच सीधा युद्ध होता है तो पूरी दुनिया में तेल की आपूर्ति भी बाधित होगी। ईरान ने स्वेज नहर से जहाजों की आवाजाही बंद करने की धमकी दी है। यदि ऐसा हुआ तो दुनियाभर में महंगाई तो बढ़ेगी ही, शेयर बाजार में भी गिरावट आएगी। इन कारणों के चलते कच्चा तेल सौ डॉलर प्रति बैरल से छलांग लगाकर 120 से लेकर 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है। जाहिर है, मीडिल ईस्ट से आने वाली महंगाई का उन देशों पर ज्यादा असर होगा, जो कच्चे तेल के लिए आयात पर निर्भर हैं। इससे ईंधन की महंगाई बढ़ेगी। इसकी चपेट में भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान आएंगे। स्वेज नहर बंद कर दी जाती है तो इस मार्ग से फारस की खाड़ी के देशों से जो खनिज और तेल भेजे जाते हैं, उनकी सप्लाई प्रभावित होगी। इसी नहर से एशियाई देश चाय, जूट, कपास, मसाले और चीनी जैसी आवश्यक वस्तुएं पश्चिमी यूरोप के साथ उत्तरी अमेरिका में निर्यात करते हैं, गोया यह निर्यात बाधित होगा। भारत का इतिहास रहा है कि उसने कभी अपनी ताकत दिखाने के लिए किसी दूसरे देश पर हमला नहीं किया है। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास युद्धों के परिप्रेक्ष्य में देखने में आया है कि भारत की भूमिका तटस्थ रहते हुए युद्ध समाप्ति की अपील करते रहने में दिखाई दी है। क्योंकि युद्ध मानव सभ्यता को समाप्त करने का वाहक रहता है, ऐसे में यदि परमाणु युद्ध होता है तो मानवता और बड़े खतरे में पड़ सकती है? कोविड संकट के बाद से ही दुनिया आर्थिक संकट से गुजर रही है। ऐसे में यदि युद्ध का दायरा बढ़ता है तो भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को न केवल आर्थिक बल्कि अन्य संकटो से भी दो-चार होना पड़ सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# चिंताओं से मुक्ति का अचूक उपाय



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

अपनी विपक्षी विचारधारा के चलते मेरा रक्तचाप खतरे के निशान से काफी ऊपर था। मुझे सलाह दी गई कि चिंताओं का लबादा जो मैंने ओढ़ रखा है, उसे उतार फेंकू। अन्यथा मैं नाना प्रकार की गंभीर व्याधियों का शिकार हो सकता हूं। हालांकि मेरे लिए अपनी विचारधारा से पलटना एकदम से आसान नहीं था। फिर भी अपने उत्तम स्वास्थ्य की दृष्टि से यह प्रयास करता रहा कि फोकट के संतापों से अपने आप को परे कर दूं। लेकिन चिंताएं थी कि मिटने का नाम ही नहीं ले रही थी। लगातार महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर मन ही मन उबलने का सिलसिला रोज-दर-रोज बेचैन किए देता था।

देश-प्रदेश के रसातल में जाने की आशंका चैन से नहीं बैठने देती थी। हर पल चिंतित रहा करता था कि पता नहीं इस देश का क्या होगा ? रह-रहकर नकारात्मक से नकारात्मक विचार मन में आते रहा करते थे। राजनीति में धर्म और धर्म में राजनीति की घुसपैठ, मन ही मन - मन में आग लगा देती थी। हर समय किसी अनिष्ट की आशंका से मैं सहमकर रह जाया करता था। मुझे लगता था कि पड़ोसी मुल्क तो तरक्की के पथ पर तीव्र गति से दौड़ लगा रहे हैं। और हम बाबा आदम के जमाने को जीने को मजबूर है। कभी-कभी तो मुझे अपने आप पर ग्लानि तक हुआ करती थी। सोचता था कि विधाता ने मुझे यहां भेज कर प्रताड़ित कर दिया है।

मैंने अपने चंचल मन को स्थिर करने के बहुतेरे प्रयास किए। लेकिन बार-बार चिंताएं सर पर सवार हो जाती थी। न दिन का चैन था, न रात का सुकून। कभी-कभी गहरी नींद आ जाती तो भी एकाएक चौक कर उठ जाया करता था। तमाम तरह की चिंताओं के चलते यह जीवन बोझिल लगने लगा था। हर समय घबराहट का बोध हुआ करता था। मन में एक अजीब तरह की बेचैनी रहा करती थी। जिसके चलते सही तरीके से खाने-पीने में भी मन नहीं लगता था। कुल मिलाकर मेरा हाल बेहाल हुआ जा रहा था। अपने मन को समझाने के तमाम प्रयास निरर्थक सिद्ध हो रहे थे। इसी दौरान पढ़ने में आया कि हृदय परिवर्तन के चलते एक-एक करके इधर वाले उधर जाने लगे हैं। एकाएक मन में विचार आया कि मैं भी अपना हृदय बदल लूं तो, हो सकता है दिमाग में चल रहे संताप से मुक्ति मिल जाए ! ..... और मैं इधर से उधर का हो लिया। एकाएक चमत्कार हो गया। मन में उमड़ते-घुमड़ते सारे संताप जाने कहां हवा हो गए। अब तो मुझे चारों ओर हरियाली ही हरियाली नजर आने लगी है। रहा सवाल महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का, तो लोगों के पास खूब पैसा है इसलिए महंगाई है, तकनीक एवं विज्ञान के विस्तार के चलते बेरोजगारी है और आर्थिक समानता के सिद्धांत को सार्थक करने वाला भ्रष्टाचार है। ऐसे पवित्र विचार निरंतर मन में आने लगे। अब मेरा रक्तचाप नियंत्रण में आने लगा है। मेरी दृष्टि अब पूर्णरूप से सकारात्मक हो गई है। मन में अब एक असीम शांति का अनुभव कर रहा हू।

## नॉलेज कॉर्नर: मीडिया रिपोर्ट्स में क्लाउड सीडिंग का दावा

# कृत्रिम बारिश से आई खाड़ी देशों में बाढ़!

संयुक्त अरब अमीरात समेत चार देशों में बारिश के बाद बाढ़ के हालात बने हुए हैं। 15 अप्रैल को हुई बारिश के बाद UAE, सऊदी अरब, बहरीन और ओमान में हालात बिगड़े। बाढ़ में कारें डूबी हुई नजर आईं। रेगिस्तान में बसे दुबई के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 24 घंटे में 6.26 इंच बारिश हुई। इतनी बारिश तो यहां दो साल में होती है। इस बारिश के बाद क्लाउड सीडिंग की चर्चा शुरू हो गई। सोशल मीडिया और कई रिपोर्ट में में दावा किया जा रहा है कि बारिश और बाढ़ की वजह क्लाउड सीडिंग है। कहा जा रहा है कि सोमवार को दुबई में क्लाउड सीडिंग से बारिश कराने के लिए विमान उड़ाया गया था। इसके बाद ही खाड़ी देशों में बारिश हुई और बाढ़ के हालात बने।

### ऐसे होती है क्लाउड सीडिंग

जिन जगहों पर प्राकृतिक रूप से बारिश नहीं हो, या जरूरत से काफी कम होती है तो वहां कृत्रिम बारिश कराई जाती है। कृत्रिम बारिश के लिए क्लाउड सीडिंग तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। यह प्रक्रिया बादलों को बारिश के लिए तैयार करती है। इसके लिए हेलिकॉप्टर या प्लेन उड़ाए जाते हैं जो बादलों में सिल्वर आयोडाइड, पोटैशियम आयोडाइड और ड्राई आइस जैसे रसायन पहुंचाते हैं। इस तरह बादल घिर जाते हैं। बादलों की भाप ठंडी होकर बूंदों के रूप में गिरती है और बारिश होती है। चूंकि इस पूरी प्रक्रिया में बादलों को तैयार किया जाता है, इसलिए इसे क्लाउड सीडिंग कहते हैं।




### अलग-अलग दावे

यह पहला मौका नहीं है। इससे पहले 2021 में भी दुबई में तापमान 50 डिग्री पहुंचने पर क्लाउड सीडिंग के जरिए बारिश कराई गई थी। खाड़ी देशों में सूखे और गर्मी के हालात निपटने के लिए पहले भी इसका प्रक्रिया का इस्तेमाल किया जाता रहा है। यूएई में इसकी शुरुआत 1990 में हुई थी। UAE, चीन, अमेरिका समेत दुनिया के 60 देश इस तरह की बारिश करा चुके हैं। आमतौर पर कृत्रिम बारिश वहीं पर होती है जहां यह कराई जाती है। लेकिन खाड़ी देशों में जिस तरह के हालात बने वो बाढ़ लेकर आए। जब प्राकृतिक तौर पर एक जगह पर जरूरत से ज्यादा बारिश होती है तो बाढ़ आती है। इसे बादल फटना भी कहते हैं। यूएई की बाढ़ को लेकर फलहाल अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं।

**जलवायु परिवर्तन जिम्मेदार**

*इम्पीरियल कॉलेज लंदन की सीनियर लेक्चरर फ्राइडेरिके ओट्टो कहती हैं, जलवायु परिवर्तन दुनिया में भारी बारिश की वजह बन रहा है। ऐसे में यह कहना गलत होगा कि क्लाउड सीडिंग के कारण इतनी बारिश हो सकती है कि बाढ़ आ जाए।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*


## X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
!! विनम्र अपील !! "लक्ष्य अटल, संकल्प प्रबल, वोट कमल" माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री व 'अबकी बार 400 पार' के संकल्प को साकार करने हेतु लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त भाजपा के पक्ष में अधिकाधिक मतदान कर भाजपा को रिकार्ड मतों से विजयी बनाए।



**गोविंद सिंह डोटासरा,** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष
@GovindDotasra
राजस्थान की जनता-जनार्दन से विनम्र अपील। आपका एक वोट भारत का भाग्य बदल देगा। ... इसलिए इस बार न्याय को चुनिए, कांग्रेस की गारंटी को चुनिए।



**दिया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
मातृशक्ति की यही पुकार एक बार फिर मोदी सरकार, 4 जून 400 पार।

### पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने की चुनाव के लिए राष्ट्रीय कोष बनाने की वकालत, कहा...

# सियासी दलों को पिछले प्रदर्शन के आधार पर धन देना बेहतर विकल्प

एजेंसी | नई दिल्ली

चुनावी बॉन्ड योजना को लेकर जारी सियासी घमासान के बीच पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने बुधवार को एक राष्ट्रीय कोष बनाने की वकालत की। जिसमें कॉर्पोरेट चंदा दिया जा सके और फिर पिछले चुनाव में विभिन्न दलों के प्रदर्शन के अनुपात में कोष उन्हें वितरित किया जा सके।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार कुरैशी ने कहा कि चुनाव के लिए पैसा देने के बजाय राजनीतिक दलों को फंड देना बेहतर विकल्प होगा। इससे राजनीतिक दलों की संगठनात्मक जरूरतों और राजनीतिक गतिविधियों का ध्यान रखा जा सकेगा। कुरैशी ने कहा, 2017 में जब चुनावी बॉन्ड योजना शुरू की गई थी तो यह पारदर्शिता की बात करती थी। लेकिन इसने उस वक्त तक मौजूद पारदर्शिता को ही खत्म कर दिया।



कुरैशी जुलाई 2010 से जून 2012 के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त रहे। कुरैशी ने कहा, जो पारदर्शिता थी वह यह थी कि 20 हजार रुपए से ज्यादा के प्रत्येक दान की सूचना चुनाव आयोग को दी जाती थी। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड योजना में नकदी लेनदेन को बैंकिंग से बदलने में कोई दिक्कत नहीं थी। लेकिन वह इस बात से सहमत नहीं हैं कि दानदाता इसलिए गोपनीयता चाहता है क्योंकि उसे बदले की कार्रवाई का डर रहता है।

### सभी पक्षों को दान देते हैं दानदाता

कुरैशी ने कहा, मैं इस पर सवाल उठाता हूं। पिछले सत्तर वर्षों में दानकर्ता उन्हीं दलों को दान देते रहे हैं जो चुनाव जीतती और हारती रही हैं। किसी ने भी बदले की कार्रवाई की शिकायत नहीं की है। मैं भाजपा से पूछता हूं कि क्या आपने कांग्रेस के दानकर्ताओं के खिलाफ बदले की कार्रवाई की है या कांग्रेस ने आपके दानकर्ताओं के खिलाफ कोई बदले की कार्रवाई की है? कभी नहीं। दानदाता बहुत चतुर हैं और सभी पक्षों को दान देते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जताई खुशी

कुरैशी ने कहा, मुझे खुशी है कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार दिया है। जैसाकि आप देख सकते हैं कि अलमारी से बहुत सारे कंकाल निकल रहे हैं। मेरा रुख यह है कि कंकाल निकलते रहेंगे। बहुत सारी जानकारी होगी, लेकिन इन सबके पोस्टमॉर्टम में मत जाइए। कुरैशी ने सुधारों की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि देश अब वापस 2017-18 की स्थिति में आ गया है, जब किसी को पता नहीं होता था कि पैसा कहां से आ रहा है। उन्होंने कहा, चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित किए जाने के बाद हम 2018 की स्थिति में वापस आ गए हैं, जब योजना शुरू हुई थी। क्या तब यह सुखद स्थिति थी? निश्चित रूप से नहीं।

## 10 साल... 86 गुना बढ़ी छापेमारी

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग के तहत ईडी की छापेमारी के मामलों में 2014 से पहले के नौ वर्षों की तुलना में पिछले 10 साल में 86 गुना वृद्धि हुई है। पिछली समान अवधि की तुलना में गिरफ्तारी और संपत्तियों की जब्ती भी लगभग 25 गुना बढ़ गई है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। जुलाई 2005 से मार्च 2014 तक के नौ वर्षों के मुकाबले अप्रैल 2014 से मार्च 2024 के 10 वर्षों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया।




यह विश्लेषण पीएमएलए की विभिन्न धाराओं के तहत ईडी की कार्रवाई में तेजी की तस्वीर बयां करता है। पीएमएलए को 2002 में लाया गया था और कर चोरी, काले धन की उत्पत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर अपराधों की जांच के लिए एक जुलाई 2005 से इसे लागू किया गया था।

विपक्षी दलों का आरोप है कि पिछले दस सालों के दौरान ईडी की कार्रवाई भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दमनकारी रणनीति का हिस्सा है।

---

### उद्धव के सामने कुछ ज्यादा झुक गई कांग्रेस: देवड़ा



**मुंबई** । लोकसभा चुनाव से पहले राज्यसभा सांसद और शिवसेना (शिंदे गुट) ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गठबंधन के कारण कांग्रेस कुछ ज्यादा ही उद्धव ठाकरे के सामने झुक गई है। मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) को कांग्रेस ने कुछ अधिक ही सीटें दे दी हैं। दुर्भाग्य है कि कांग्रेस ने उस पार्टी के सामने आत्मसमर्पण, जिस पर न तो वे भरोसा करते हैं और न ही गठबंधन सहयोगी के रूप में महत्व देती है। गौरतलब है कि एमवीए में सीटों के बंटवार के लिए समझौते के तहत ठाकरे की पार्टी मुंबई की चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, कांग्रेस केवल दो सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इस समझौते पर कटाक्ष करते हुए देवड़ा ने कहा कि कांग्रेस के स्थानीय नेताओं को यह समझौता रास नहीं आया। मुंबई की पांच सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस इस साल सिर्फ दो सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### इनेलो के तीन प्रत्याशियों की सूची जारी

**चंडीगढ़** । हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने लोकसभा चुनाव को लेकर तीन प्रत्याशियों की सूची जारी की है। इसमें कुरुक्षेत्र से अभय चौटाला, अंबाला से गुरप्रीत सिंह और हिसार से सुनैना चौटाला को मैदान में उतारा गया है। हरियाणा में भाजपा सभी सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है, वहीं जजपा ने भी पांच सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए हैं। विपक्षी इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की 9 सीटों पर सभी को प्रत्याशियों का इंतजार है, वहीं आम आदमी पार्टी ने अपने खाते की कुरुक्षेत्र सीट से काफी पहले प्रत्याशी उतार दिया था।

### लोस चुनावों का आगाज आज से: स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए कड़े इंतजाम

# 21 राज्य... 102 सीट पर होगी वोटिंग कई दिग्गजों के भाग्य का होगा फैसला

■ अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम विधानसभा के लिए भी पड़ेंगे वोट

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में लोकसभा चुनाव का आगाज शुक्रवार को प्रथम चरण के मतदान के साथ हो रहा है। पहले प्रथम चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान होगा। मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिन सीटों पर मतदान होगा, उसके आसपास के जिलों की सीमाएं सील रहेंगी। इसके अलावा, ऐसा कोई लोकसभा क्षेत्र, जिसकी सीमा अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर से लगती हैं, वहां भी कई रास्तों को सील किया गया है। संवेदनशील मतदान केंद्रों के आसपास ड्रोन से निगरानी की जाएगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्र और उत्तर पूर्व के इलाकों में स्थित मतदान कर्मियों को बूथ तक पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टर की मदद ली गई है। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के करीब तीन लाख जवानों ने तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया है। चुनावी जिलों में इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

प्रथम चरण में आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल सहित 1625 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पिछले चुनाव (2019) में UPA ने इन 102 सीटों में से 45 और राजग ने 41 सीटें जीती थीं। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के साथ ही 60 सदस्यीय अरुणाचल प्रदेश विधानसभा और 32 सदस्यीय सिक्किम में विधानसभा के लिए भी मतदान होगा। प्रथम चरण में 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। इसी बीच चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना 18 अप्रैल को जारी हो गई। इस चरण में 10 राज्यों की 96 सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। मतदान शुक्रवार सुबह 7 बजे से शाम को 5 बजे तक चलेगा।



@ मेघालय

### इन बड़े राज्यों से खुलेगी पार्टियों की किस्मत

**प्रथम चरण में इन राज्यों में होगा मतदान**

| राज्य | सीट |
| --- | --- |
| तमिलनाडु | 39 |
| राजस्थान | 12 |
| उत्तर प्रदेश | 8 |
| मध्य प्रदेश | 6 |
| महाराष्ट्र | 5 |
| असम | 5 |
| उत्तराखंड | 5 |
| बिहार | 4 |
| पश्चिम बंगाल | 3 |
| मेघालय | 2 |
| अरुणाचल प्रदेश | 2 |
| मणिपुर | 2 |

(पुडुचेरी, मिजोरम, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप, सिक्किम, त्रिपुरा, नगालैंड और अंडमान-निकोबार की 1-1 सीट पर मतदान होगा)

### 8 केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत EVM में होगी लॉक

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र की नागपुर सीट से, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री किरण रिजिजू चुनाव अरुणाचल पश्चिम सीट से, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनेवाल असम के डिब्रूगढ़ से ,पशु चिकित्सा राज्य मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान मुजफ्फरनगर सीट से, पीएमओ में राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह सिंह जम्मू-कश्मीर की ऊधमपुर सीट से, जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव राजस्थान की अलवर सीट से, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बीकानेर सीट से, सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री एल मुरुगन को तमिलनाडु के नीलगिरी से चुनावी मैदान में हैं।



### इन सीटों पर सबकी रहेगी नजर

पहले चरण में जिन महत्वपूर्ण सीटों पर चुनाव होने जा रहा है उनमें नागपुर, नगीना, कन्याकुमारी, बंगाल की कूचबिहार, चेन्नई सेंट्रल, मुज्जफनगर, सहारनपुर, कैराना,पीलीभीत, डिबरुगढ़, जोरहट, जयपुर, छिंदवाड़ा, जमुई, बस्तर, नैनीताल व लक्षद्वीप शामिल हैं. इन हॉट सीटों पर सबकी नजर रहेगी. इसके अलावा असम की काजीरंगा, सोनितपुर, लखीमपुर, डिबरुगढ़ और जोरहट सीटों पर भी निगाह रहेगी।

### 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से ज्यादा मतदान कर्मी तैनात

चुनाव आयोग ने प्रथम चरण में मतदान के लिए 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से ज्यादा मतदान कर्मियों को तैनात किया है। इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर शामिल हैं। वहीं, 35.67 लाख लोग पहली बार मतदान कर सकेंगे।

### नक्सल इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

प्रथम चरण में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ के बस्तर जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी वोटिंग होनी है। सुरक्षित और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा कर्मियों को हेलिकॉप्टर से पहुंचाया जा रहा है। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक गढ़चिरौली में मतदान के लिए शुक्रवार को 15 हजार सुरक्षाकर्मियों की तैनाती रहेगी।

### कांग्रेस ने पूर्वोत्तर राज्यों को किया नजरअंदाज



एजेंसी | कोकराझार (असम)

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्यों को पूरे देश के साथ जोड़ने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व हुआ। उन्होंने कांग्रेस पर पूर्वोत्तर राज्यों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गुट को लोगों के कल्याण की चिंता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी गुट केवल खुद को विभिन्न घोटालों से बचाने की कोशिश में लगा हुआ है।

नड्डा ने असम के कोकराझार में राजग उम्मीदवार जयंत बसुमतारी के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि दस साल पहले जब आप दिल्ली जाते थे, तब वहां लोग आपसे यह पूछते थे कि आप किस देश से हैं। अब यह पूरी तरह से खत्म हो चुका है।

### राणे रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग से होंगे भाजपा प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने केन्द्रीय मंत्री नारायण राणे को महाराष्ट्र की रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने गुरुवार को अपने उम्मीदवारों की तेरहवीं सूची जारी करते हुए राणे की उम्मीदवारी की घोषणा की। गौरतलब है कि रत्नागिरी सिंधुदुर्ग लोकसभा सीट को लेकर भाजपा और शिवसेना शिंदे गुट के बीच खींचतान चल रही थी। यहां से महाराष्ट्र सरकार में मंत्री उदय सामंत के भाई किरण सामंत चुनाव लड़ना चाहते थे। हालांकि अब शिंदे गुट ने सीट को लेकर दावेदारी वापस ले ली है और भाजपा ने राणे को प्रत्याशी बनाया है। दूसरी ओर शिवसेना उद्धव गुट ने रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग से विनायक राउत को टिकट दिया है। वह यहां के मौजूदा सांसद भी हैं।

---

### केरल में भाजपा-कांग्रेस नेताओं में सियासी वार पलटवार

# एक देश- एक इतिहास- एक भाषा थोपना चाहती है भाजपा: राहुल गांधी

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम/कन्नूर

केरल में लोकसभा चुनाव प्रचार में भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी हमले तेज हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी दौरे के बाद भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताभी राज्य का दौरा कर रहे हैं। गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के कन्नूर में चुनाव सभा को संबोधित किया। वहीं भाजपा नेता व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी राज्य के दौरे के तहत पथानामथिट्टा में चुनावी बैठक में

भाग लिया। राहुल ने भाजपा पर निशाना साधा तो राजनाथ सिंह ने कांग्रेस को घेरा। राहुल गांधी ने कन्नूर में भाजपा को आड़े हाथों



लेते हुए कहा है कि सत्तारूढ़ दल देश के लोगों पर एक इतिहास एक, एक देश, एक भाषा थोपना चाहता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसी से देश के लोगों को बचाना चाहती है। राहुल ने सवाल पूछा कि आखिर कैसे कोई केरल और तमिलनाडु में आकर यह कह सकता है कि यहां एक भाषा लागू होने वाली है? राहुल ने आरोप लगाया पीएम मोदी देश का माहौल बदलकर अशांति पैदा करना चाहते हैं और लोगों को दुख देना चाहते हैं।

### कांग्रेस करती है अनेकता में एकता की बात

राहुल ने कहा कि कांग्रेस और यूडीएफ अनेकता में एकता की बात करते हैं। हम अलग अलग भाषाओं, अलग अलग संस्कृति और हमारे लोगों के अलग अलग इतिहास को स्वीकार करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा लोगों पर एक देश, एक इतिहास, एक भाषा को थोपना चाहती है। सबसे पहले यह समझने की जरूरत है कि भारत क्या है। उन्होंने सवाल पूछा कि आखिर कैसे कोई केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के लोगों के बीच जाकर यह कह सकता है कि यहां एक भाषा लागू होने वाली है? राहुल ने कहा कि मलयालम इतनी आसान भाषा नहीं हैं, बल्कि इसके अंदर केरल के लोगों का इतिहास, त्रासदी और खुशियां समाहित हैं। उन्होंने पूछा कि कल केरल की कोई मां कैसे अपने बच्चों को हिंदी या अंग्रेजी में इस महान धरती का इतिहास बताएगी? राहुल गांधी ने जोर दिया कि कांग्रेस इसी से देश के लोगों की रक्षा करना चाहती है।

### भारत कभी बदल नहीं सकता

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में तमिलनाडु आकर कहा कि उन्हें डोसा पसंद है। उन्होंने कहा कि डोसा मुझे भी पसंद है लेकिन राज्य के बारे में भी सोचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत कभी बदल नहीं सकता और इसमें प्रधानमंत्री समय बर्बाद कर रहे हैं।

### राजनाथ सिंह ने किया कटाक्ष

## राहुल में अमेठी से चुनाव लड़ने का साहस नहीं

एजेंसी | पथानामथिट्टा (केरल)

भाजपा नेता और राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि राहुल के पास अमेठी से चुनाव लड़ने का साहस नहीं है। दरअसल, 2019 लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की अमेठी और केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ा था। अमेठी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। केरल के पथानामथिट्टा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अनिल के. एंटनी के समर्थन में एक बैठक को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, मैंने ऐसा सुना है कि वायनाड की जनता ने उन्हें (राहुल गांधी) अपना सांसद बनाने से इनकार कर दिया है।



### एके एंटनी की सराहना

जनाथ सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी की तारीफ की है। उन्होंने एंटनी को अनुशासित और सिद्धांतवादी नेता बताया है। सिंह कहा कि वह एके एंटनी के बयान पर काफी ज्यादा आश्चर्यचकित हुए, जिसमें उन्होंने (एंटनी) कहा था कि उनका बेटा अनिल एंटनी लोकसभा चुनाव में हारना चाहिए।

## जरूरी खबर

### VVPAT मामले में SC ने सुरक्षित रखा फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को वीवीपैट से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ईवीएम वोटों की वीवीपैट पर्चियों से 100 फीसदी सत्यापन की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि चुनावी प्रक्रिया में शुचिता होनी चाहिए। कोर्ट ने चुनाव आयोग से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए कदमों के बारे में विस्तार से बताने को कहा। न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि जो कुछ संभावनाएं बनती हैं, वह नहीं किया जा रहा है। मामले की सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग के अधिकारी ने ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली के बारे में बताया।

### शिल्पा शेट्टी के पति की 97 करोड़ की संपत्ति अटैच



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने टकॉइन स्कैम मामले में कारोबारी राज कुंद्रा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने गुरुवार को कुंद्रा की 97 करोड़ रुपए की संपत्ति ईडी का कहना है कि कारोबारी के पास अब भी 285 बिटकॉइन हैं जिनकी कीमत अभी 150 करोड़ रुपए से अधिक है। कुंद्रा बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति हैं। साल 2021 में सामने आए पोर्नोग्राफी केस में भी कुंद्रा का नाम आया था। उस दौरान उसे गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स की अनुसार, ईडी ने कुंद्रा की जिन प्रार्पटियों को अटैच किया है, उनमें शेट्टी का जुहू स्थित बंगला भी शामिल है।

### यूएन प्रतिनिधि की विदेश मंत्री जयशंकर से भेंट

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) की प्रमुख, विशेष प्रतिनिधि रोजा ओटुनबायेवा नई दिल्ली पहुंची हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनका स्वागत किया गया। एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि आज सुबह यूएनएएमए प्रमुख का स्वागत करके बहुत खुशी हुई। अफगानिस्तान की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। हमने विचारों का आदान प्रदान किया। मुलाकात के दौरान जयशंकर ने जोर दिया कि भारत ने अफगानिस्तान की मदद के लिए गेहूं, दवाए, कीटनाशक और स्कूल आपूर्ति प्रदान की है।

## अनुसंधान व प्रशिक्षण के लिए करार



**कानपुर।** आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सिर्वसेज ने दुर्गम इलाकों में तैनात सैनिकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए जरूरी प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए अनुसंधान और प्रशिक्षण पर आईआईटी कानुपर के साथ गुरुवार को एक सहमति पत्र(एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

### समीर वानखेड़े के खिलाफ जांच का ब्योरा पेश करें

**मुंबई ।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को निर्देश दिया कि समीर वानखेड़े के खिलाफ दो मामलों में पाई गई कथित अनियमितताओं को लेकर शुरू की गई प्रारंभिक जांच का ब्यौरा प्रस्तुत करें। न्यायाधीश रेवती मोहिते-डेरे और न्यायाधीश मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने एनसीबी से पूछा कि वानखेड़े के खिलाफ क्या शिकायतें थीं? यह भी पूछा गया कि वो शिकायतकर्ता कौन थे, जिनके बयानों के आधार पर जांच शुरू की गई थी।

2008 बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी वानखेड़े ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से संबंधित ड्रग्स मामले में कथित अनियमितताओं को लेकर एनसीबी की प्रारंभिक जांच के आधार पर उन्हें जारी किए गए नोटिस को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। वानखेड़े ने गुरुवार को अपने वकील राजीव चव्हाण के माध्यम से अदालत में एक जवाबी हलफनामा दायर किया ।

## प्रवर्तन निदेशालय के कोर्ट में दावे पर गरमाई सियासत

# CM केजरीवाल जमानत के लिए जानबूझकर खा रहे हैं मीठा: ED

### आतिशी ने दावे को किया खारिज: कहा-CM के आहार को लेकर झूठ बोल रही है ईडी

**एजेंसी** । नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी नीति घोटाले मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के भोजन को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को कोर्ट में दावा किया कि वो जानबूझकर जेल में मीठा खा रहे हैं जिससे उनका स्वास्थ्य बिगड़े और उन्हें जमानत मिल सकें। ईडी के इस दावे के बाद रियासत गरमा गई है। आम आदमी पार्टी की नेता व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय ने सीएम केजरीवाल के आहार को लेकर कोर्ट में झूठ बोला है।

ईडी ने कोर्ट में कहा कि केजरीवाल हाई डायबिटीज का दावा कर रहे हैं जबकि वह जेल में मिठाई, मीठी चाय और आम खा रहे हैं। केजरीवाल जमानत के लिए आधार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इस पर केजरीवाल के वकील ने



आपत्ति जताई और कहा कि ईडी ये सब आरोप मीडिया के लिए लगा रही है। उन्होंने अदालत से कहा कि वो अपनी मौजूदा याचिका वापस लेकर बेहतर याचिका दाखिल करना चाहते हैं। अदालत ने तिहाड़ जेल प्रशासन से केजरीवाल की डाइट पर रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी।

### केजरीवाल की जान लेने की हो रही है साजिश

इस बीच, ईडी के अदालत में किए गए दावे से नाराज आतिशी ने कहा कि ईडी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक बहुत बड़ा षड्यंत्र रच रही है। यह षड्यंत्र है अरविंद केजरीवाल की जान लेने का।

आतिशी ने कहा कि हर व्यक्ति जानता है कि अरविंद केजरीवाल गंभीर डायबिटीज के मरीज हैं। वह अपने शुगर लेवल को कंट्रोल में रखने के लिए रोज 54 यूनिट इंसुलिन लेते हैं। आप किसी भी डॉक्टर से पूछ लीजिए इतनी इंसुलिन केवल वही व्यक्ति लेता है, जिसको गंभीर डायबिटीज है. इसीलिए अदालत ने भी केजरीवाल को घर का खाना खाने की इजाजत दी है, लेकिन भाजपा ईडी के माध्यम से केजरीवाल के स्वास्थ्य को बिगड़ने की कोशिश कर रही है। उनका घर का खाना रोकने की कोशिश कर रही है। उन्होंने



#### तिहाड़ प्रशासन ने कहा-आरोप बेबुनियाद

तिहाड़ प्रशासन ने इन सारे आरोपों का खंडन किया है। उसका कहना है कि केजरीवाल का रोज दो वक्त सुबह और शाम को मेडिकल चेकअप किया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट तिहाड़ प्रशासन रोज जारी करता है। खुद केजरीवाल को भी इसको लेकर अवगत कराया जाता है।

कहा कि एक बार जब घर का खाना बंद हो जाएगा तो यह पता नहीं चलेगा कि केजरीवाल को जेल में क्या खिलाया जा रहा है और कब।

### AAP विधायक अमानतुल्लाह खान गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वक्फ बोर्ड घोटाले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें वक्फ बोर्ड में नियुक्ति मामले में गिरफ्तार किया गया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी के कई शीर्ष नेता पहले ही जेल में हैं। अमानतुल्लाह खान सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ईडी के सामने पेश हुए थे। ईडी ने उनसे करीब 9 घंटे तक पूछताछ की है। पूछताछ के बाद ईडी ने उनको गिरफ्तार कर लिया है।

## नहीं पीटें उपलब्धियों का ढिंढोरा


# RSS नहीं मनाएगा अपना शताब्दी वर्ष



**एजेंसी** । नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि संघ 2025 में अपना शताब्दी वर्ष नहीं मनाएगा क्योंकि उसका अपनी उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने का इरादा नहीं है। एक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर भागवत ने यह भी कहा कि जब 1925 में नागपुर में आरएसएस का गठन हुआ था, तब पदाधिकारियों को कड़े विरोध, संसाधनों की कमी और लोगों को जोड़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि किसी भी हालात में स्वयंसेवकों को अपना काम करते रहना चाहिए।

भागवत ने कहा, आरएसएस का शताब्दी वर्ष मनाने की कोई जरूरत नहीं है। संघ किसी संगठन के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाने और कुछ उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने नहीं आया है। आरएसएस समाज को बदलना चाहता है और मानता है कि समाज की जीत का आकलन धन सृजन से नहीं बल्कि धर्म से किया जाना चाहिए। भागवत ने कहा, इस समाज की जीत अन्य समाज को सशक्त बनाएगी और (अंततः) जगत को लाभ पहुंचाएगी। संघ ऐसे लोगों को तैयार करना चाहता है, जो इस तरह से समाज में सुधार लाने की कोशिश करें। उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने की जरूरत नहीं है। भागवत ने कहा कि यह चिंताजनक है कि आरएसएस को कुछ लक्ष्य हासिल करने में 100 साल लग गए। उन्होंने कहा कि 2000 वर्षों के सामाजिक पतन के खिलाफ लड़ाई के कारण बदलाव की गति धीमी हो गई। उन्होंने कहा, विदेशियों ने हमारे लोगों को पट्टी पढ़ा दी है। हमें यह भूलने की बुरी आदत है कि हम क्या हैं। हमारे लोगों के बीच एक मनोवैज्ञानिक अंतर है क्योंकि हम पर सदियों तक कई शासकों ने शासन किया।



## स्वदेशी क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

**एजेंसी** । भुवनेश्वर

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने गुरुवार को एक और सफलता हासिल कर ली है। डीआरडीओ ने ओडिशा के तट पर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज चांदीपुर से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने बताया कि परीक्षण के दौरान सभी उपप्रणालियों ने अपेक्षा के मुताबिक प्रदर्शन किया। परीक्षण के दौरान एकीकृत परीक्षण रेंज द्वारा अलग-अलग जगहों पर सेंसर तैनात किए गए थे, जिसमें रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री ने मिसाइल को मॉनीटर किया। इसके अलावा क्रूज मिसाइल परीक्षण की निगरानी भारतीय वायु सेना के सुखोई-30-एमक-I विमान ने की।

डीआरडीओ ने कहा, मिसाइल ने मार्गदर्शक समुद्री प्रणाली का उपयोग करके लक्षित पथ का अनुसरण किया और बहुत कम ऊंचाई वाली समुद्री-स्किमिंग उड़ान का प्रदर्शन किया।

## बारिश से दुबई में अटके हमारे पहलवान

**एजेंसी** । नई दिल्ली

पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वॉलीफाई करने की भारत की उम्मीदों को झटका लगा सकता है। एशियाई क्वालिफाइंग मुकाबलों के लिए किर्गिस्तान जाने वाले दोनों भारतीय पहलवान दीपक और सुजीत संयुक्त अरब अमीरात में में भारी वर्षा के कारण दुबई हवाई अड्डे पर फंस गए हैं।

दीपक (86 किग्रा) टोक्यो खेलों में पदक जीतने के करीब पहुंच गए थे। दुबई में भारी वर्षा के कारण प्रमुख राजमार्गों और सड़कों पर पानी भरने के अलावा विश्व के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक में अव्यवस्था छा गई है। रूसी कोच कमाल मालिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ दोनों पहलवानों को फर्श पर सोने के लिए मजबूर होना पड़ा और वर्षा से उत्पन्न संकट के कारण उन्हें उचित भोजन भी नहीं मिल पा रहा है। दीपक और सुजीत का वजन शुक्रवार को सुबह 8 बजे होगा, जबकि मुकाबले दिन में बाद में खेले जाएंगे।

## अंतरिक्ष में रक्षा चुनौतियों पर मंथन

# भारत अब जल्द बनेगा अंतरिक्ष में प्रमुख सेवा प्रदाता: सीडीएस चौहान

**एजेंसी** । नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि युद्ध के लिहाज से भविष्य में अंतरिक्ष क्षेत्र वायु, समुद्री और थल क्षेत्रों पर अपना प्रभाव डालेगा। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब इस अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत दुनिया में प्रमुख सेवा प्रदाताओं में से एक के रूप में उभरेगा। कुछ साल पहले तक जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी, अब वो हो रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारे पास रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में कई अच्छे स्टार्टअप हैं जो रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रहे हैं। साथ ही कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही वास्तविकता बन जाएगी। वे गुरुवार को दिल्ली के मानेकशा सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारत के गगनयान कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण ले रहे चार अंतरिक्ष यात्रियों के बारे में भी बात की। जनरल चौहान ने कहा कि अंतरिक्ष को युद्ध के उभरते हुए क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है। मेरा मानना है कि यह पहले से ही युद्ध का एक स्थापित क्षेत्र है। मेरा विश्वास इस विशेष क्षेत्र में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम पर आधारित है।



### भारत में अंतरिक्ष में अग्रणी बनने की इच्छाशक्ति: नौ सेनाध्यक्ष

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने दुनिया को दिखा दिया है कि भारत के पास अंतरिक्ष क्षेत्र में अग्रणी बनने के लिए इच्छाशक्ति, बुद्धिमत्ता और साधन मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि यह महसूस करना कोई राकेट साइंस नहीं है कि अमृत काल में भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि अंतरिक्ष संपत्ति की संकल्पना, निर्माण, शुरुआत और रखरखाव की क्षमता के साथ हमारे देश ने दुनिया को दिखाया है कि भारत के लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

## महिला टुकड़ी ने पूरी की कठिन जलयात्रा

**नई दिल्ली** । तीनों सेनाओं थल, वायु और जल सेना की महिला टुकड़ियों ने दिखा दिया कि वो किसी से कम नहीं हैं। अरब सागर में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में करीब चार सप्ताह की कठिन जलयात्रा को सफलतापूर्वक पूरा कर सभी महिला चालक दल घर लौट रहे हैं।

चालक दल खुद को 'अराउंड द वर्ल्ड सेलिंग प्रतियोगिता' के लिए तैयार कर रहा है जो भारत के सैन्य इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। इस अभियान के दौरान, महिला नाविकों ने हवा की अलग-अलग स्थिति, भीषण गर्मी और पानी की तेज लहरों के बीच जलयात्रा पूरी की। इस दौरान उन्होंने न केवल अपने शारीरिक कौशल को दिखाया, बल्कि अपनी मानसिक दृढ़ता और टीम की एकता को भी दिखाया।

एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सेना, नौसेना और वायुसेना की 12 बहादुर महिला अधिकारियों की टुकड़ियों ने सितंबर में होने वाली वैश्विक जलयात्रा प्रतियोगिता की तैयारी के लिए यह यात्रा की। यह जलयात्रा 27 दिनों तक चली।

बता दें, प्रशिक्षण अभियान शुक्रवार को मुंबई से लक्षद्वीप की यात्रा और वापसी के साथ समाप्त होगा। वहीं, महिला टुकड़ियां सामूहिक रूप से पहले ही 6000 समुद्री मील से अधिक का प्रशिक्षण ले चुकी हैं

## अल्लु अर्जुन की मूवी का ऑल टाइम रिकॉर्ड, RRR बहुत पीछे




# पुष्पा 2 ने रिलीज से पहले तोड़ा रिकॉर्ड

## 275 करोड़ रुपए में बिके फिल्म के डिजिटल राइट्स!

सुपर स्टार अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 ने रिलीज से पहले ही डिजिटल राइट्स की बिक्री में रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सेकनिल्क के अनुसा फिल्म के डिजिटल राइट्स नेटफ्लिक्स ने 275 करोड़ में खरीदे हैं।, जो कि ऑल टाइम रिकॉर्ड है। इससे पहले एसएस राजामौली की फिल्म RRR के राइट्स 170 करोड़ में बिके थे। बात करें थिएट्रिकल राइट्स की तो उत्तर भारत में वितरकों को पुष्पा 2, कल्कि 2898 एडी, गेम चेंजर, देवारा और इंडियन 2 जैसी फिल्मों से काफी उम्मीदें हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि इन सभी फिल्मों के एनआई थिएटर राइट्स वितरकों ने 450 करोड़ रुपए की भारी रकम पर खरीदे हैं।

### नॉर्थ के थिएटर राइट्स 200 करोड़ में खरीदे

एक करीबी सूत्र के अनुसार, अनिल थडानी की एए फिल्म्स ने अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म, पुष्पा 2 के उत्तर भारतीय थिएटर अधिकार हासिल कर लिए हैं। यह एक अग्रिम सौदा है, और एए फिल्म्स ने इसके लिए 200 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। यह अभूतपूर्व डील फिल्म को लेकर ट्रेड जगत के भरोसे और ट्रेलर के रिलीज होने से पहले ही पैदा हु, क्रेज की ओर इशारा करती है। 'पुष्पा 2' साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। जहां तक प्री-रिलीज व्यवसाय का सवाल है, रिकॉर्ड बाएं-दाएं और सेंटर में गिर गए हैं। अनिल थडानी ने सुकुमार द्वारा निर्देशित इस एक्शन से भरपूर मनोरंजन फिल्म के थिएट्रिकल राइट्स हासिल करने के लिए 200 करोड़ रुपए (अग्रिम आधार पर) का भुगतान किया है।

### राम चरण की गेम चेंजर को मिले 75 करोड़

आरआरआर के बाद, राम चरण की अगली फिल्म, गेम चेंजर, स्वाभाविक रूप से उच्च उम्मीदें लेकर चल रही है। यह एक और आगामी बड़ी फिल्म है जिसके उत्तर भारत के लिए नाटकीय अधिकार एए फिल्म्स द्वारा खरीदे गए हैं। सूत्रों के अनुसार, अनिल थडानी ने अग्रिम आधार पर 75 करोड़ रुपये में फिल्म के उत्तर भारत वितरण अधिकार हासिल कर लिए हैं, जिसमें कियारा आडवाणी भी हैं।

### इंडियन 2 पेन 25 करोड़ रुपए में बिकी

कमल हासन और शंकर की बहुप्रतीक्षित इंडियन 2 काफी समय से चर्चा में है। यह फिल्म हिंदी बाजार में हिंदुस्तानी 2 के रूप में रिलीज होगी और चूंकि 1996 में इसका पहला भाग जबरदस्त सफल रहा था, इसलिए इसको लेकर भी जोरदार बज है। पेन मरुधर ने 10 करोड़ रुपए की एमजी के अलावा फिल्म के उत्तर भारतीय वितरण अधिकार 25 करोड़ रुपए अग्रिम में खरीदे हैं। चंदू चैंपियन के साथ टकराव की स्थिति में इंडियन 2 की रिलीज में बदलाव हो सकता है।

## फर्स्ट टाइम वोटर्स का होगा सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** पहली बार वोट देने वाले युवा मतदान केंद्र पर अपनी सेल्फी खींच सकेंगे। इसके लिए ब्रह्म शक्ति संघ ने विशेष व्यवस्था की है। मतदान केंद्र पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। जहां, वोटर्स अपनी सेल्फी को संघ की वेबसाइट पर अपलोड कर सकते हैं। सभी चरण के चुनाव समाप्त होने पर संघ नव मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन करेगा। इसमें फर्स्ट टाइम वोटर्स और बेस्ट सेल्फी के लिए मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्रह्म शक्ति संघ के संयोजक सुनील मुदगल ने बताया कि चुनाव आयोग के साथ-साथ ब्रह्म शक्ति संघ भी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहा है। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल द्विवेदी ने बताया कि बुजुर्ग या बीमार व्यक्ति के लिए मतदान केंद्र तक लाने ले जाने के लिए संघ की ओर से वाहन की व्यवस्था की गई है। संयोजक कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान का आगाज जयपुर से किया गया था। अलवर, झालावाड़, कोटा, बूंदी, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर, टोंक, सवाई माधोपुर, दौसा, नागौर, सीकर, झुंझुनू आदि जिलों में कार्यकर्ताओं ने काम किया।

## निम्बार्क भगवान की प्राण प्रतिष्ठा



**बेधड़क. जयपुर।** निम्बार्क संप्रदाय के श्रीधाम-वृंदावन स्थित गौतम मुनि आश्रम में संत बिहारीदास संस्कृत महाविद्यालय परिसर में निम्बार्क भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की गई। बाबा शुक्रदेवदास निम्बार्क संत आश्रम नायला तथा गौतम मुनि आश्रम वृंदावन के महंत सर्वेश्वर शरण महाराज ने वैदिक विधान से लोकार्पण किया। इस मौके पर देश के विभिन्न प्रांतों के संत महात्मा और उनके अनुयायी मौजूद रहे।

## 'राम-राम भज ले' भजन रिलीज



**बेधड़क. जयपुर।** युवा संगीतकार अंकित भट्ट द्वारा स्वरबद्ध भजन राम-राम भज ले जयपुराइट्स को पसंद आ रहा है। अभी इस भजन का ऑडियो रिलीज किया गया है। इसे पंडित आलोक भट्ट ने लिखा है और बृजेश व्यास ने गाया है। भजन में क्लैरीनेट पर अब्दुल रशीद, तबले पर ऋषि शर्मा, गिटार पर सुमित सपेरा ने संगत की है। भजन में मोहन वीणा पंडित आलोक भट्ट ने बजाई है। कल्पना ऑडियो एंड फिल्म की ओर से प्रस्तुत इस वीडियो की रिकॉर्डिंग राजन स्टूडियो में की गई, जिसे सतीश शर्मा ने संचालित किया।

## City इवेंट्स

### आर्टिकल 370 आज से नेटफ्लिक्स पर



**बेधड़क. जयपुर।** यामी गौतम और प्रियामणि की सुपरहिट फिल्म आर्टिकल 370 शुक्रवार से नेटफ्लिक्स पर भी देखी जा सकेगी। आदित्य सुहास जंभाले के डाइरेक्शन में बनी इस फिल्म को सिनेमाघरों में दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिला। सेकनिल्क के अनुसार 25 करोड़ में बनी फिल्म ने 51 दिन में 104 करोड़ 81 लाख रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन कर लिया है। यह फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसका क्लैश विद्युत जामवाल की मूवी क्रेक के साथ था। आर्टिकल 370 पहले दिन से ही भारी रही और बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया। इसकी सक्सेस इसलिए भी गौर करने वाली है कि इसमें कोई हीरो नहीं था, इसके बावजूद इसने अच्छी कमाई की और सुपरहिट रही।

### कन्याओं को बांटी शिक्षण सामग्री



**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय संस्कृति संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से एक कदम समाज की ओर कार्यक्रम के तहत कच्ची बस्तियों की कन्याओं और गरीब बच्चों को स्कूल जाने वाले गरीब बच्चों को बैग, पानी की बोतल, लंच बॉक्स और ज्योमेट्री बॉक्स का भी वितरण किया गया। इसके साथ ही हलवा, पुरी, सब्जी और चने की भोजन प्रसादी का भी वितरण किया गया। संस्थान के राजेश, विष्णु और अर्पित ने भी सहयोग किया। संस्थान की संचालिका सीमा शर्मा ने बताया कि संस्थान पिछले कई वर्षों से गरीब एवं निराश्रित असहाय लोगों को भोजन के साथ ही, गरीब बच्चों की शिक्षा एवं महिलाओं को रोजगार के साधन भी उपलब्ध कराती रहती है।

### हॉरर-मिस्ट्री करेंगे सांई श्रीनिवास

**बेधड़क. जयपुर।** तेलुगु स्टार बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास अपने करिअर की 11वीं फिल्म करने जा रहे हैं। यह मूवी एक हॉरर-मिस्ट्री होगी, जिसका टाइटल अभी फाइनल नहीं किया गया है। भगवंत केसरी के बाद शाइन स्क्रीन्स की ओर से अनाउंस की गई इस तेलुगु फिल्म को फिलहाल बीएसएस 11 नाम दिया गया है। फिल्म का डाइरेक्शन कौशिक पैगल्लापती करेंगे तथा इसके प्रोड्यूसर है साहू गारापती। मूवी में संगीत अजनीश लोकनाथ देंगे।

### अग्रवाल फार्म धर्मराज चित्रगुप्त मंदिर में आयोजन

## धर्मराज चित्रगुप्त के प्राकट्य दिवस दशमी पर श्रृंगार और महाआरती



**बेधड़क | जयपुर**

धर्मराज चित्रगुप्त के प्राकट्य दिवस धर्मराज दशमी, चैत्र शुक्ल दशमी पर 18 अप्रैल को धर्मराज चित्रगुप्त का श्रृंगार किया गया और महाआरती की गई। शिप्रा पथ-विजयपथ चौराहा सेक्टर 9 अग्रवाल फार्म मानसरोवर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में सांयकाल हुये इस आयोजन में चित्रगुप्त जी के विग्रह का फूलों से श्रृंगार किया गया तथा 101 दीपकों से सामूहिक आरती की गई। इस अवसर पर भजन संध्या एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया। यह आयोजन राजस्थान कायस्थ महासभा एवं राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद जयपुर की स्थानीय इकाईयों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

समारोह में उपस्थित भक्त गणों को अपने धार्मिक संबोधन में राजस्थान कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद 'कुमारसंभव' ने भगवान चित्रगुप्त जी के अवतरण एवं ब्रह्मा जी के सृष्टि संचालन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने विश्व न्याय, विश्व धर्म, विश्व ज्ञान तथा विश्व कर्म पर समय समय पर देवताओं एवं मनुष्यों को दिए गए ज्ञान के बारे में बताया। अन्य वक्ताओं में जुगल किशोर माथुर, जगदीश प्रकाश, देवेन्द्र स्वरूप माथुर, युगल नेहवारिया, ललित सक्सेना, दयाशंकर माथुर, कैलाश नारायण माथुर, नरेंद्र माथुर, दयाल माथुर कैलाश माथुर, डॉ. अनिल सक्सेना, डा. प्रवीण सक्सेना, अशोक सक्सेना, हृदयेश, जनार्दन माथुर आदि थे।

### फैंस ने अपने स्टार के पुतले को पिच पर किया स्थापित

## अब 'मोम के विराट' के साथ फोटो खिंचवा सकेंगे पर्यटक और फैंस



**बेधड़क | जयपुर**

वैक्स म्यूजियम में गुरुवार को विश्व विरासत दिवस पर क्रिकेट किंग विराट कोहली के पुतले का उनके फैंस के हाथों अनावरण करवाया गया।

विराट के फैंस अपने सुपर स्टार के पुतले को कंधों पर उठा कर जयपुर वैक्स म्यूजियम के पिच तक ले गए और वहां पर स्थापित किया। अब नाहरगढ में पर्यटक विराट के मोम के पुतले के साथ फोटो खिंचवा सकेंगे। जयपुर वैक्स म्यूजियम के फाउंडर डायरेक्टर अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि हमें विराट फेंस की दीवानगी का अंदाजा ही नहीं था कि भारी संख्या में फेंस सुबह सवेरे म्यूजियम पहुंच जाएंगे। एक रेडियो स्टेशन पर जब विराट कोहली के पुतले के साथ सबसे पहले फोटो क्लिक करने का अवसर प्रदान करने का एक अनाउंसमेंट किया गया तो सैकड़ों की संख्या में कोहली के फेंस जयपुर वैक्स म्यूजियम सवेरे-सवेरे ही पहुंच गए। इसको देखते हुए फैंस के हाथों ही पुतले के अनावरण का निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि लगभग दो महीने में बने विराट के पुतले का वजन 35 किलोग्राम है जबकि हाइट 5 फिट 9 इंच है। जयपुर वैक्स म्यूज़ियम विश्व का पहला ऐसा मोम के पुतलों का संग्रहालय है जो लगभग 300 वर्ष पुरानी हेरिटेज साइट नाहरगढ़ किले में बना हुआ है, यहां कुल मिलाकर 44 वैक्स के पुतले स्थापित हैं।

**धार्मिक कार्यक्रम** मुनि चिन्मयानंद सागर ने मंगल आशीर्वाद देकर किया विधिवत शुभारंभ

# ध्वजारोहण के साथ श्री महावीरजी का लक्खी मेला शुरू

**बेधड़क | जयपुर**

दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में वार्षिक मेला 2024 का ध्वजारोहण के साथ विधिवत शुभारंभ हुआ। भगवान महावीर का लक्खी मेला 18 से 2 5अप्रैल तक चलेगा। जैन मुनियों के सान्निध्य में पंडित मुकेश जैन के मंत्रोच्चारण के बीच कमेटी के मानद मंत्री सुभाष चन्द जैन ने ध्वजारोहण कर मेले का आगाज किया। इस मौके पर मुनि चिन्मयानंद सागर महाराज ने मंगल आशीर्वाद देकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में श्री दिगम्बर जैन संस्कृत



महाविद्यालय की छात्राओं ने मंगलाचरण की प्रस्तुति दी। इसके बाद मंदिर कमेटी के मानद मंत्री सुभाष चन्द जैन, व्यवस्थापक नेमी कुमार पाटनी ने मुख्य मंदिर के प्रवेश द्वार पर ध्वजारोहण कर मेले का आगाज किया। दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी के सुरक्षा गार्डों ने हवलदार मोहर सिंह, हवलदार रामहरी के नेतृत्व में जैन ध्वज को सलामी दी। महाविद्यालय की छात्राओं ने ध्वजगीत की प्रस्तुति दी।

### 24 को निकलेगी शोभायात्रा

प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक भगवान जिनेंद्र के आठ दिवसीय मेले में अनेक सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम होंगे। बुधवार को रथयात्रा निकलेगी। इस मेले में देश विदेश से करीब 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मेले के शुभारंभ पर क्षेत्रीय लोगों ने वार्षिक मेले को शांति और सुरक्षा के माहौल में संपन्न कराने पर जोर दिया। सभी समाजों के पंच- पटेल ने कहा कि हमारे क्षेत्र का ये प्रमुख मेला है। ऐसे में सभी की सामूहिक जिम्मेदारी बनती है कि मेला शांतिपूर्वक सफलता के साथ सम्पन्न हो।

### ये रहे मौजूद

इस मौके प्रबधक समिति के संयुक्त मंत्री उमरावमल संघी, पीके जैन थानाधिकारी कैलाश चंद, व्यवस्थापक प्रशासन प्रवीण कुमार जैन, विशेषाधिकारी विकास पाटनी, जैन समाज अध्यक्ष ज्ञानचंद कासलीवाल, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष चंद्रेश कुमार जैन, चंदन महिला मंडल अध्यक्ष नीता कासलीवाल, ग्राम पंचायत समिति के प्रतिनिधि आराम सिंह गुर्जर सहित गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024



स्वतंत्रता कुछ और नहीं बल्कि बेहतर होने का मौका है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप





11 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

# इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट

एजेंसी | जकार्ता

इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण 11 हजार से अधिक लोगों को विस्थापित किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट उत्तरी सुलावेसी प्रांत में हुआ है। पहला विस्फोट मंगलवार रात को हुआ तो वहीं बुधवार को लगातार चार विस्फोट हुए।

इस वजह से क्षेत्र की स्थिति नाजुक हो गई है। ज्वालामुखी विज्ञान एजेंसी ने चेतावनी स्तर को बढ़ाकर चार कर दिया है, जो खतरे के पैमाने पर सबसे उच्च है। रिपोर्ट के मुताबिक, चार से छह किलोमीटर तक के क्षेत्र में आवाजाही बंद कर दी गई है। पहले रुआंग के 800 से अधिक निवासियों को टैगुलानडांग द्वीप पर ले जाया गया था, जो राज्य की राजधानी मनाडो ने 100 किलोमीटर दूर है। आवाजाही बंद होने के कारण गुरुवार सुबह बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित क्षेत्र से निकालना पड़ा। आपदा एजेंसी के आपदा डेटा, संचार और सूचना केंद्र के प्रमुख अब्दुल मुहरी ने बताया क्षेत्र से करीब 11,615 निवासियों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है।



### हवाईयात्रा में पड़ा खलल

विमानान अधिकारियों ने बताया कि मानडो स्थित सैम रतुलंगी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा गुरुवार शाम तक बंद रहेगा। यह हवाईअड्डा दक्षिण कोरिया, चीन और सिंगापुर सहित अन्य देशों के लिए सेवाएं प्रदान करता है। इसके अलावा, मलेशिया के कोटा किनाबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानों में भी बाधाएं आई हैं।

### सबसे ज्यादा एक्टिव ज्वालामुखी

दुनिया में सबसे ज्यादा सक्रिय यानी एक्टिव ज्वालामुखी इंडोनेशिया में हैं। यहां पर कुल मिलाकर 121 ज्वालामुखी हैं। जिसमें से 74 साल 1800 से एक्टिव हैं। इनमें से 58 ज्वालामुखी साल 1950 से सक्रिय हैं। यानी इनमें कभी भी विस्फोट हो सकता है। सात ज्वालामुखियों में तो 12 अगस्त 2022 के बाद से लगातार विस्फोट हो ही रहा है। ये हैं- क्राकटाउ, मेरापी, लेवोटोलोक, कारांगेटांग, सेमेरू, इबू और डुकोनो।

ईरान ने अपने कब्जे में ले लिया था इजराइली कंटेनर शिप

# इजराइली जहाज पर बंधक भारतीयों में से एक को छोड़ा

## बंधक बनाए गए चालक दल में 17 भारतीय नागरिक शामिल

एजेंसी | तेहरान



ईरान ने भारत के अथक प्रयासों के कारण जब्त किए गए इजराइली कंटेनर शिप के चालक दल में शामिल भारतीय महिला एन टेसा जोसेफ को छोड़ दिया है। जोसेफ ईरान से रिहाई के बाद गुरूवार दोपहर कोचीन हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गई हैं। हवाई अड्डे पर कोचीन के क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने जोसेफ का स्वागत किया। इजराइली कंटेनर शिप एमएससी एरीज को कुछ दिनों पहले ईरान ने अपने कब्जे में ले लिया था। इस जहाज के चालक दल में 17 भारतीय नागरिक शामिल हैं। ईरान ने चालक दल में शामिल पाकिस्तानी नागरिकों को पहले ही छोड़ दिया था, जिसके बाद भारत ने भी अपने नागरिकों की रिहाई दे लिए दबाव बढ़ाया था।

### विदेश मंत्रालय ने क्या कहा

भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, तेहरान में भारतीय मिशन और ईरानी सरकार के ठोस प्रयासों से, केरल के त्रिशूर से भारतीय डेक कैडेट एन टेसा जोसेफ, जो भारतीय चालक दल के सदस्यों में से थी। गुरूवार दोपहर कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गई हैं। हवाई अड्डे पर क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने जोसेफ का स्वागत किया।

### जयशंकर ने की ईरानी विदेश मंत्री से बात

मंत्रालय ने अपने लिखित बयान में कहा, भारतीय मिशन एमएससी एरीज के शेष चालक दल के सदस्यों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ भी संपर्क में है। इससे पहले विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने इस मामले पर अपने ईरानी समकक्ष विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियन से बात की थी। वहीं, ईरान के राजदूत इराज इलाही ने एक इंटरव्यू में कहा, एमएससी एरीज पर सवार सभी भारतीय नागरिक जाने के लिए स्वतंत्र हैं और ईरानी अधिकारियों द्वारा इसकी विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।

## भूकंप के झटकों से थर्राया जापान

**टोक्यो।** जापान के दक्षिणी-पश्चिमी इलाके में आए भूकंप में नौ लोग घायल हो गए। बुधवार देर रात को 6.6 तीव्रता का भूकंप महसूस हुआ। मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि भूकंप समुद्र की सतह से 50 किमी. नीचे आया और इससे सुनामी का खतरा नहीं है।

इजराइल पर दागी थीं 300 मिसाइलें, ब्रिटेन में उठी मांग

## IRCG को आतंकी संगठन घोषित करें

एजेंसी | लंदन

ईरान के इजराइल पर हमला करने के बाद से दुनियाभर के कई देश इजराइल के समर्थन में खड़े हैं। विदेशी रिपोर्ट्स के अनुसार ईरान ने लगभग 300 ड्रोन और मिसाइल अटैक किए। 99 प्रतिशत हमले को विफल कर दिया गया था। हवाई हमले को नाकाम करने के लिए अमेरिका और ब्रिटेन ने इजराइल का खुला समर्थन किया है। अब ब्रिटेन के 54 सांसदों ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को चिट्ठी लिखकर आईआरसीजी को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरसीजी) ने कहा था कि इजराइल पर हमला विशिष्ट लक्ष्यों को निशाना बनाकर किया गया था। माना जाता है कि आईआरसीजी ईरान की पारंपरिक सेना से अलग ईरानी सशस्त्र बलों की एक शाखा है।

भारतीय दूतावास ने जारी किए नंबर

# दुबई में बारिश-तूफान से हालात बदतर

एजेंसी | दुबई

संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में आए तूफान व बारिश के बाद हालात बद से बदतर हो गए हैं। पूरे शहर में पानी भरने कारण यातायात ठप हो गया और लोग अपने घरों में फंस गए। दुबई से दिल्लीआने-जाने वाली कम से कम 19 उड़ानें रद्द करदी गई हैं। इस बीच, दुबई में भारत के वाणिज्य दूतावास ने दुबई और उत्तरी अमीरात में रहने वाले भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नंबर और दिशा-निर्देश जारी किए हैं। भारतीय दूतावास द्वारा एडवाइजरी में अपने नागरिकों को बारिश-तूफान से बचने के लिए दिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं। ओमान में भी बाढ़ के चलते 20 लोगों की मौत हुई है। इससे पहले बुधवार को दुबई में खराब मौसम के कारण भारत आने वाली 28 उड़ाने को रद्द कर दिया गया था।



### दुबई में करीब 15.2 सेमी बारिश

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में दुबई में करीब 15.2 सेमी बारिश हुई है। वहीं मंगलवार को यहां 10 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी। बुधवार को दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 300 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं थीं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने लोगों को वहां न आने की सलाह दी है। दूसरी तरफ, ओमान में बारिश की वजह से 1400 लोगों को शेल्टर में भेजा गया है। स्कूल और सरकारी ऑफिस को बंद कर दिया गया है। खाड़ी देशों में मौसम बदलने की बड़ी वजह दक्षिण-पश्चिम की तरफ से लो-प्रेशर बनना है।

### पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हालात खराब

राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनसीएम) ने 2 दिन पहले ही यूएई, सऊदी अरब में तेज बारिश की भविष्यवाणी की थी। मौसम विभाग ने इस दौरान 65 किमी प्रति घंटे की स्पीड से हवा चलने का भी अनुमान लगाया था। यूएई के राष्ट्रीय मौसम केंद्र के एक्सपर्ट अहमद हबीब ने बताया कि दुबई, अबू धाबी और शारजाह में बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। उधर पाकिस्तान, अफगानिस्तान और कई खाड़ी देशों में पिछले 4 दिनों से हो रही बारिश के कारण हालात खराब हो गए हैं।

# प्रिंस हैरी और मर्केल ने ब्रिटेन को कहा अलविदा

अमेरिका को बनाया अपना नया घर

एजेंसी | वाशिंगटन



प्रिंस हैरी ने ब्रिटिश शाही परिवार से अलगाव की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा दिया है। उन्होंने आधिकारिक तौर पर अमेरिका को अपना नया घर घोषित किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ड्यूक ऑफ ससेक्स ने अमेरिका को अपने नए निवास के रूप में सूचीबद्ध किया है। यह ब्रिटेन से उनके जुड़ाव में बड़ा बदलाव है। दस्तावेज के अनुसार, निवास में यह बदलाव 29 जून, 2023 को हुआ। इससे एक दिन पहले प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल ने ब्रिटेन स्थित अपने आवास फ्रॉगमोर कॉटेज को छोड़ दिया था। हालांकि, हैरी की शाही उपाधियों पर ब्रिटिश निवास छोड़ने के प्रभाव को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। ऐसी अटकलें हैं कि वह लंदन की आगामी यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर स्थिति साफ कर सकते हैं। इस बदलाव के बावजूद हैरी ने ब्रिटेन के साथ अपने संबंध के बारे में विरोधाभासी भावनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने ब्रिटेन को अपना घर स्वीकार किया है, लेकिन सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अमेरिका जाने की बात कही है।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl